डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/4-233/2020-22

राष्ट्रीय हिन्दी मेल 29 वां वर्ष

इंद्रप्रस्थ पृथ्विजय प्रकाशन

# राष्ट्रीय हिन्दी मेल

सर्वाधिक चर्चित अखबार

न दबाव, न भेदभाव

भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, रायपुर और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

वर्ष- 23 अंक- 16 | www rashtriyahindimailĐin | इंदौर, रविवार 12 अक्टूबर 2025 । कृष्ण पक्ष-पंचमी 2082 | पृष्ठ-8 मूल्य, पांच रुपये


**आज की अभिव्यक्ति**

"रिश्ता चाहे इस धरती पर कोई भी हो, सबका सिर्फ एक ही पासवर्ड है, भरोसा"

सूर्य उदय 6.21 बजे सुबह | सूर्य अस्त 5.46 बजे शाम



2 वीएचपी और बजरंगदल के कार्यकर्ता बाइक लेकर महाकाल लोक में घुसे


5 पंचतत्व में विलीन हुए शहीद संजय मीणा 10 साल के बेटे ने दी ...


6 जनजातीय समाज को योजना का लाभ देना हमारी ....


7 दूसरे दिन भी भारतीय टीम की पकड़ मज़बूत, वेस्टइंडीज से 378 ...


# पीएम मोदी ने इंदौर में किया दुग्ध चूर्ण संयंत्र का शुभारंभ

## पी एम धन-धान्य कृषि योजना कृषि विकास के क्षेत्र में नया अध्याय लिखेगी -डॉ. मोहन यादव

**राष्ट्रीय हिंदी मेल, भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को इंदौर से केंद्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा दिल्ली में आयोजित अन्नदाताओं का सम्मान, समृद्ध राष्ट्र का निर्माण कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संबोधित किया और इंदौर में 30 लाख टन क्षमता के अत्याधुनिक दुग्ध चूर्ण संयंत्र का वर्चुअली शुभारंभ भी किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इंदौर, ग्वालियर सहित अन्य सहकारी संघों को पैक्स से जोड़े जाने को भी ऐतिहासिक बताया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश को दी गई इन सौगातों के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार माना। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पी एम धन-धान्य कृषि योजना कृषि विकास के क्षेत्र में नया अध्याय लिखेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के संबोधन का ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर इंदौर से वर्चुअली श्रवण किया। कार्यक्रम के बाद मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री ी नरेन्द्र मोदी ने देशभर के किसानों के लिए दो बड़ी योजना - प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना और दलहन आत्म-निर्भरता मिशन की घोषणा की है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि पीएम धन-धान्य कृषि योजना देश के कृषि विकास और इससे जुड़े सेक्टर्स में आमूल-चूल परिवर्तन लाने की दिशा में एक नया अध्याय लिखेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण कृषि मिशन में एक लाख किसानों का प्रमाणन, 4275 मैत्रीय का प्रमाणन, कंप्युटराइजेशन में 10 हजार से अधिक बहुउद्देशीय पैक्स को मंजूरी, डेयरी, मत्यपालन, पशुपालन, खाद्य प्रसंस्करण जैसे कई प्रकार के कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश को दी गई इन सौगातों के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार माना।



### पीएम मोदी का किसानों को दिवाली का तोहफा

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को देश के कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए 35,440 करोड़ की लागत वाली दो प्रमुख योजनाएं लॉन्च की हैं। इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना, कृषि उत्पादकता में सुधार करना और दलहन के आयात पर देश की निर्भरता को कम करना है। यह कार्यक्रम समाजवादी नेता जयप्रकाश नारायण की जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया। पीएम मोदी ने इस दौरान कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों से संबंधित 5,450 करोड़ से अधिक मूल्य की परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया, साथ ही लगभग 815 करोड़ की अन्य परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। इस कार्यक्रम में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह और कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी भी उपस्थित थे।

## ट्रैवल मार्ट : मुख्यमंत्री का निवेशकों और फिल्मी हस्तियों के साथ मंथन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश में पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने और निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से शनिवार को मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट के अवसर पर पर्यटन क्षेत्र के निवेशकों, प्रमुख फिल्म निर्माताओं और प्रसिद्ध अभिनेताओं के साथ कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस वन-टू-वन चर्चा का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में पर्यटन के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और मध्यप्रदेश को एक प्रमुख फिल्म-शूटिंग गंतव्य के रूप में बढ़ावा देना है। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योग के विभिन्न दिग्गजों के साथ प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री से फिल्म जगत से प्रसिद्ध फिल्म निर्माता सुश्री एकता कपूर, जाने-माने अभिनेता श्री गजराज राव और श्री रघुवीर यादव ने भेंट की। स्पेनिश फिल्म कमीशन से सुश्री लारा मोलिना एवं फिल्म निर्माता श्रीमती अन्ना सौरा ने भी चर्चा में भाग लिया।




### आज मुख्यमंत्री अंतरित करेंगे बहनों के खाते में 1541 करोड़ की राशि

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार 12 अक्टूबर को श्योपुर जिले में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से लाड़ली बहना योजना के तहत प्रदेश की लगभग 1 करोड़ 26 लाख 86 हजार लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 29वीं किस्त 1541 करोड की राशि का अंतरण करेंगे। मेला ग्रांउड पर आयोजित कार्यक्रम से श्योपुर जिले के 98.87 करोड़ के विकास कार्यो का लोकार्पण करेंगे तथा 460.40 करोड़ के निर्माण तथा विकास कार्यो का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव इस अवसर पर शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित करेंगे। महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रदेश सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यो के तहत एनआरएलएम अंतर्गत संचालित स्व-सहायता समूह की महिलाओं को 30 करोड़ 12 लाख रूपये की सीसीएल राशि का चैक सौपेंगे।

## » नेनो बीफ्र

### सागर में आरएसएस विभाग कार्यवाह और पत्नी की मौत

**सागर।** सागर में एक तेज रफ्तार डंपर ने एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सागर विभाग के कार्यवाह और उनकी पत्नी की मौत हो गई। टक्कर की वजह से महिला के पैर और सिर धड़ से अलग हो गया। शरीर के बाकी हिस्से पर डंपर चढ़ गया। पति-पत्नी दोनों के शव को पोटली में भरकर ले जाया गया। आरएसएस सागर विभाग के विभाग कार्यवाह और शासकीय शिक्षक अशोक दुबे (45) पत्नी राधा दुबे के साथ बाइक से अपने पैतृक गांव नाहरमऊ जा रहे थे। तभी नेशनल हाईवे-44 पर सुरखी के पास बन रहे ओवरब्रिज के नीचे सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी।



### पश्चिम बंगाल में मेडिकल स्टूडेंट से गैंगरेप

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर में एक मेडिकल स्टूडेंट के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। वारदात शुक्रवार की है। पीड़ित अपने एक पुरुष दोस्त के साथ डिनर पर गई थी। वापस लौटते समय 3 लोगों ने उनका रास्ता रोका। छात्रा का दोस्त उसे छोड़कर भाग गया, जिसके बाद आरोपियों ने उससे दरिंदगी की। पुलिस ने शनिवार को बताया कि पीड़ित ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली है और दुर्गापुर के एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में सेकेंड ईयर की स्टूडेंट है। यह घटना मेडिकल कॉलेज कैंपस के बाहर हुई। मेडिकल छात्रा का पास के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस बीच, राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम रविवार को दुर्गापुर जा रही है।



### उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा आज इंदौर में

**इंदौर।** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा रविवार, 12 अक्टूबर को इंदौर में रहेंगे। वे इंदौर में प्रातः 11 बजे स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री देवड़ा शाम 7.30 बजे इंदौर से भोपाल के लिये रवाना होंगे।



### भारत की एशिया कप ट्रॉफी एसीसी चीफ की कस्टडी में..

**नई दिल्ली।** एशियन क्रिकेट काउंसिल के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने अपने स्टाफ को निर्देश दिया है कि उनकी मंजूरी और मौजूदगी के बिना एशिया कप ट्रॉफी न तो ऑफिस से हटाई जाए और न ही किसी को सौंपी जाए। आज तक ट्रॉफी दुबई के एसीसी ऑफिस में ही रखी है। नकवी अब भी इस स्टैंड पर कायम हैं कि भारत को यह ट्रॉफी उनसे ही लेनी होगी। भारत ने 28 सितंबर को खेले गए फाइनल में पाकिस्तान को हराकर एशिया कप का खिताब जीता था। भारतीय टीम ने मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। भारत ने यह स्टैंड पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में लिया था।

**कांग्रेस का सनसनीखेज दावा**

## एमपी में जहरीला कफ सिरप पीने से 150 से ज्यादा बच्चों की मौत

**राष्ट्रीय हिंदी मेल, भोपाल।**

मध्य प्रदेश में बच्चों की रहस्यमयी मौतों को लेकर हालात लगातार गंभीर होते जा रहे हैं। जहरीले कफ सिरप से जुड़ा यह मामला अब राजनीतिक रंग भी लेने लगा है। राज्य के कई जिलों में बच्चों की असामान्य मौतों ने जहां परिजनों के आंसू नहीं थमने दिए हैं, वहीं स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर एमपी कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एक बेहद चौंकाने वाला दावा किया है। उन्होंने कहा कि सिर्फ छिंदवाड़ा और उससे लगे आदिवासी इलाकों में पिछले तीन महीनों में 150 से ज्यादा बच्चों की मौत हो चुकी है। इसके साथ ही करीब 500 से ज्यादा बच्चे गंभीर रूप से बीमार बताए जा रहे हैं।

पटवारी ने इन मौतों के पीछे नकली या जहरीली दवाओं के इस्तेमाल की आशंका जताई है और इसे सरकारी लापरवाही का भयावह उदाहरण बताया। उन्होंने प्रदेश सरकार को सीधे कटघरे में खड़ा करते हुए मांग की कि पूरे प्रकरण की एसआईटी से जांच कराई जाए।



### फुटबाल मैच के जश्न में चार लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** मिसिसिपी में फुटबॉल मैच के बाद जश्न के दौरान गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई। कई लोग घायल हैं। शहर के मेयर जान ली ने शनिवार को कहा कि मिसिसिपी के लेलैंड में शुक्रवार देर रात चार लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई और एक दर्जन घायल हो गए है। मैच देखने के बाद लोग मेन स्ट्रीट के पास एकत्र हुए, जहां आधी रात के आसपास गोलीबारी हुई। गोलीबारी की वजह स्पष्ट नहीं है। मेयर ने कहा, हम पता लगाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं कि गोलीबारी किसने की। मृतक के परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। घायलों का अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। मिसिसिपी जांच ब्यूरो ने शनिवार को बयान में कहा कि वह जांच में मदद कर रहा है।

## भारत की 47 प्रतिशत आबादी अब भी इंटरनेट से दूर

**मोबाइल इस्तेमाल में महिलाएं 33 प्रतिशत पीछे**

**राष्ट्रीय हिंदी मेल, नई दिल्ली।**

ग्लोबल टेलिकम्युनिकेशन इंडस्ट्री बाडी (जीएसएमए) द्वारा इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 में जारी एक चौंकाने वाली स्टडी में सामने आया है कि भारत की आधी आबादी अभी भी इंटरनेट की पहुंच से दूर है। रिपोर्ट के मुताबिक देश में लगभग 47 प्रतिशत भारतीय नागरिकों के पास अब भी इंटरनेट कनेक्शन नहीं है। इस अध्ययन में यह भी पता चला है कि भारत में महिलाओं के मोबाइल इंटरनेट इस्तेमाल की संभावना पुरुषों की तुलना में 33 प्रतिशत कम है, जो देश में गहराते डिजिटल जेंडर गेप को दर्शाता है। जीएसएमए के एशिया प्रशांत प्रमुख जूलियन गोरमन ने बताया कि कनेक्टिविटी में यह बड़ा अंतर मुख्य रूप से दो कारणों से है गोरमन ने चेतावनी दी है कि अगर इस डिजिटल अंतर को तुरंत दूर नहीं किया गया, तो यह इंकेलसिव ग्रोथ की गति को धीमा कर सकता है।



**डिजिटल अर्थव्यवस्था में तीन गुना उछाल**

जीएसएमए की रिपोर्ट में एक सकारात्मक पहलू भी दर्शाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था में पिछले एक दशक में तीन गुना वृद्धि हुई है। एक दशक पहले यह 108 अरब डॉलर थी, जो बढ़कर 2023 में 370 अरब डॉलर हो गई है। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि अगर यही गति बरकरार रही तो 2030 तक डिजिटल अर्थव्यवस्था 1 ट्रिलियन डॉलर (एक खरब डॉलर) को पार कर जाएगी। रिपोर्ट ने चेतावनी दी है कि जब तक तकनीकी नवाचार और डिजिटल अपनाने के महत्वपूर्ण अंतरों को खत्म नहीं किया जाता, तब तक भारत के 2047 के डिजिटल संप्रभुता लक्ष्यों को प्राप्त करने से पहले विकास की गति धीमी पड़ सकती है। यानी, देश को अपने डिजिटल भविष्य को सुरक्षित करने के लिए जल्द से जल्द बाकी बचे 47 प्रतिशत लोगों को इंटरनेट से जोड़ना होगा।

## बिहार में बीजेपी ने 60 सीटों पर तय किए प्रत्याशी

### आज हो सकता है नामों का ऐलान

**राष्ट्रीय हिंदी मेल, पटना**

शनिवार की देर शाम भाजपा प्रत्याशियों की अंतिम सूची पर बिहार भाजपा कोर ग्रुप की मुहर लग गई है। अब केंद्रीय चुनाव समिति एवं संसदीय बोर्ड को अंतिम रूप से प्रत्याशियों की सूची पर निर्णय करना है।

हालांकि, भाजपा की ओर से लगभग 60 सीटों पर एक प्रत्याशी के नाम को अंतिम रूप से तय कर दिया गया है। शेष 65 सीटों पर अभी भी दो से तीन प्रत्याशियों के नाम सूची में सम्मिलित हैं। इसके पीछे कारण राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) के सहयोगियों जदयू, लोजपा (रा ), हम एवं रालोमो के बीच कुछ-कुछ सीटों को लेकर की जा रही दावेदारी है। इससे पहले शनिवार को बिहार भाजपा कोर ग्रुप की दो दौर की बैठक बिहार प्रभारी विनोद तावड़े के आवास पर हुई। इसके उपरांत सूची भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को सौंपी गई।

इस सूची टिकट के दावेदारों की संख्या अधिक होने के कारण राष्ट्रीय चुनाव समिति एवं संसदीय बोर्ड के समक्ष भेजने से पूर्व नड्डा ने तावड़े एवं बिहार के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान के साथ बैठक कर सूची की सूक्ष्मता के साथ स्क्रूटनी की।




### चीन पर ट्रम्प का 100 प्रतिशत टैरिफ, भारत को फायदा

**नई दिल्ली।** अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वॉर से भारतीय एक्सपोर्टर्स को फायदा हो सकता है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक दिन पहले चीन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया। एक्सपर्ट्स का कहना है कि इससे भारतीय एक्सपोर्टर्स को अमेरिकी बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने का मौका मिलेगा। ट्रम्प ने कहा कि नया टैरिफ 1 नवंबर से लागू होगा। चीन से अमेरिका आने वाले सामानों पर पहले से 30त्न टैरिफ लग रहा है। ऐसे में चीन पर कुल 130त्न टैरिफ लगेगा। ट्रम्प ने 1 नवंबर से सभी अहम सॉफ्टवेयर के निर्यात पर भी कंट्रोल करने की बात कही है। दरअसल, चीन ने 9 अक्टूबर को दुर्लभ खनिज (रेयर अर्थ मटेरियल) पर निर्यात को और कड़ा कर दिया था, जिसके जवाब में ट्रम्प ने नए टैरिफ लगाने की बात कही है।

**सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिला प्रशासन का बड़ा कदम**

## शहर के 33 स्थानों को किया चिन्हित

### कलेक्टर ने सभी विभागों को ब्लेक स्पाट सुधारने का दिया अल्टीमेटम

**राष्ट्रीय हिंदी मेल, इंदौर**

शहर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने एक बड़ा कदम उठाया है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने सड़क सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें नेशनल हाईवे, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम (एमपीआरडीसी) को सख्त निर्देश दिए गए हैं।

**तीन दिन का अल्टीमेटम**

बैठक में शहर के 33 ऐसे स्थानों को चिन्हित किया गया है, जिन्हें ब्लैक स्पॉट के रूप में पहचाना गया है, यानी यहां दुर्घटनाएं सबसे अधिक होती हैं। कलेक्टर ने इन सभी विभागों को युद्ध स्तर पर काम करते हुए अगले सप्ताह दिनों के भीतर इन सभी 33 स्थानों पर सुधार कार्य करने का अल्टीमेटम दिया है।



**होंगे यह तत्काल सुधार**

निर्देशों के अनुसार, इन सभी ब्लैक स्पॉट्स पर तत्काल रूप से साइनेज, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था और वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए रम्बल स्ट्रिप्स लगाई जाएंगी। कलेक्टर शिवम वर्मा ने स्पष्ट किया है कि इस काम में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर ने यह भी साफ कर दिया है कि तीन दिन की समय सीमा समाप्त होने के बाद वे स्वयं इन सभी 33 स्थानों का निरीक्षण करने जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि यह सुनिश्चित किया जाए कि इन स्थानों पर भविष्य में कोई दुर्घटना न हो। बैठक में एडीएम रोशन राय सहित नगर निगम, यातायात पुलिस और अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

**जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित किए गए ब्लैक स्पॉट...**

- लवकुश चौराहा
  रिजलाय फाटा धार रोड
  देवासनाका चौराहा
- बेस्ट प्राइज के सामने बायपास रोड
- ओमेक्स सिटी बायपास रोड
- डेक्थनाल के सामने बायपास रोड
- टाटा शोरूम के सामने एबी रोड
- बिचौली मर्दाना ब्रिज के ऊपर बायपास
- तीन इमली चौराहा
- रालामंडल चौराहा बायपास रोड
- तेजाजी नगर ब्रिज के ऊपर एबी रोड
- कैलोद करताल फाटा बायपास रोड
- राऊ गोल चौराहा
- आइटी पार्क चौराहा
- विशेष जूपिटर हॉस्पिटल के सामने रिंग रोड
- प्रभु तौल कांटे के पास नेमावर
- ट्रेंचिंग ग्राउंड के सामने नेमावर रोड देवगुराड़िया
- ग्राम माचल
- महू-नीचम रोड घाटाबिल्लौद
- काला सूरा फाटा धार रोड
- एबी रोड भैरुघाट पुलिया
- ग्राम कालाकिराय
  अर्जुन बरोदा डकाच्या
  एबी रोड बुड़ी बरलाई
  कल्याण मिल
  लसुड़िया परसार
- टीही पुलिया फोरलेन रोड,
  पिगडंबर
- मां वैष्णो ढाबा,
- इंदौर खंडवा रोड भैरूघाट,
- इंदौर खंडवा बाइ ग्राम दुधिया पावर हाउस के सामने नेमावर रोड

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | खुला- 81,151 | पिछला बंद - 81,381 | |
| निफ्टी | खुला- 24,930.30 | पिछला बंद -24,964 | |
| सोना | 1,24,260 रुपए | 10g of 24k (99.9%) | |
| चांदी | 177000 रुपए | 1kg | |
| डॉलर | 88.69 रुपए | प्रति डॉलर | |

**न्यूज ब्रीफ**

## 9 जिलों के 10 शहर पायलट प्रोजेक्ट में शामिल नक्शा प्रोजेक्ट शुरू



**उज्जैन।** प्रदेश में शहर की जमीनों का रिकॉर्ड अब डिजिटल किया जाएगा। अधीक्षक भू-अभिलेख ने जानकारी दी कि इसका उद्देश्य शहरी जमीनों का रिकॉर्ड डिजीटल करने के साथ ही उसे आसान बनाना भी है। इससे जमीन के मामलों में पारदर्शिता आएगी और धोखाधड़ी कम होगी। प्रोजेक्ट की शुरुआत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान ने रायसेन जिले से की थी। इसमें प्रदेश के 9 जिलों के 10 शहरों को पायलट प्रोजेक्ट में शामिल किया है। इनमें उज्जैन जिले से उन्हेल शामिल हैं। वहीं शाहगंज, छनेरा, आलीराजपुर, देपालपुर, धारकोठी, मेघनगर, माखननगर (बाबई), विदिशा और सांची कस्बा है। उन्हेल कस्बे के लिए आयुक्त, भू-अभिलेख द्वारा जारी अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित की गई है। इसमें वर्णित क्षेत्र भू-सर्वेक्षण के अधीन अधिसूचित किए गए हैं। इस आधार पर कलेक्टर द्वारा प्रारूप (नियम 14) में सर्वेक्षण संक्रियाओं के प्रारंभ होने की घोषणा की गई है। इसके बाद कस्बा उन्हेल में नक्शा प्रोजेक्ट के तहत कार्य प्रचलित है। भू-सर्वेक्षण के दौरान नवीन अधिकार अभिलेख तैयार किया जाएगा। इसमें सभी खातेदारों के नाम, उनके अंश, दायित्व तथा सुखाचार अधिकार अभिलिखित किए जाएंगे। ग्रामों के लिए निस्तार पत्रक तथा वाजिब-उल-अर्ज भी तैयार किया जाएगा।

## भगवान महाकाल ने त्रिनेत्र धारण किए, दिव्य श्रृंगार किया गया



**उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में शनिवार तड़के भस्म आरती के दौरान मंदिर के कपाट खोले गए। सभा मंडप में वीरभद्र जी के कान में स्वस्ति वाचन कर घंटी बजाकर भगवान से आज्ञा लेकर सभा मंडप वाले चांदी के पट खोले गए। गर्भगृह के पट खोलकर पुजारी ने भगवान का श्रृंगार उतार कर पंचामृत पूजन के बाद कपूर आरती की। जटाधारी महाकालेश्वर भगवान को त्रिनेत्र, रजत मुकुट और रुद्राक्ष की माला अर्पित कर श्रृंगार किया गया। त्रिनेत्रधारी भगवान महाकाल को भांग, चंदन अर्पित कर नंदी जी का स्नान, ध्यान, पूजन किया गया। जल से भगवान महाकाल का अभिषेक करने के बाद दूध, दही, घी, शकर, शहद और फलों के रस से बने पंचामृत से पूजन किया गया। भगवान महाकाल को रजत चंद्र, त्रिशूल, मुकुट, भांग, चंदन, ड्रायफ्रूट और भस्म चढ़ाई गई। भगवान महाकाल ने शेषनाग का रजत मुकुट, रजत की मुण्डमाल और रुद्राक्ष की माला के साथ-साथ सुगन्धित पुष्प से बनी माला धारण की। फल और मिष्ठान का भोग लगाया। झांझ-मंजीरे, डमरू के साथ भगवान महाकाल की भस्म आरती की गई। भस्म आरती में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया। महा निर्वाणी अखाड़े की ओर से भगवान महाकाल को भस्म अर्पित की गई। मान्यता है कि भस्म अर्पित करने के बाद भगवान निराकार से साकार रूप में दर्शन देते हैं।

# 'फसल बर्बाद, कर्ज भारी', 5 लाख के कर्ज के बोझ से किसान ने की आत्महत्या

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल उज्जैन।**

जिले के खजूरिया मंसूर गांव के किसान दिनेश शर्मा (41) ने फसल खराब होने और 5 लाख रुपये के कर्ज के बोझ से परेशान होकर ज़हर खाकर आत्महत्या कर ली।

उज्जैन जिले की झारड़ा तहसील के खजूरिया मंसूर गांव के निवासी किसान दिनेश शर्मा (41) ने फसल खराब होने और कर्ज के बोझ से परेशान होकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पिछले आठ दिनों से किसान फसल की बर्बादी को लेकर अत्यधिक तनाव में था। जिले में यह लगातार दूसरी घटना है, जब किसान कर्ज और फसल खराब होने के दबाव के कारण आत्महत्या कर रहे हैं।



जानकारी के अनुसार, दिनेश ने ज़हर खा लिया। परिजन उन्हें तुरंत उज्जैन के शासकीय अस्पताल ले गए। हालत बिगड़ने पर उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन देर रात उपचार के दौरान दिनेश की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दिनेश ने बीज बोने के लिए कर्ज लिया था, लेकिन फसल इतनी खराब हुई कि कटाई का खर्चा भी पूरा नहीं हो पाया। इस निराशा के कारण उन्होंने यह घातक कदम उठाया। नीलगंगा थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है। आगे की जांच झारड़ा थाना पुलिस करेगी।

मृतक के भाई अशोक शर्मा ने बताया कि दिनेश ने शुक्रवार शाम अपने खेत पर जहरीला पदार्थ खा लिया था। उन्होंने अपने सरपंच मित्र राकेश परमार को फोन कर कहा, "यह आखिरी राम-राम है, मेरे बच्चों का ध्यान रखना।" राकेश परमार उस समय गांव में मौजूद नहीं थे। उन्होंने तुरंत अशोक को फोन किया और दिनेश को देखने के लिए खेत पर जाने को कहा। जब अशोक खेत पर पहुँचे, तो उन्हें दिनेश उल्टी करते हुए मिले। आनन-फानन में उन्हें पहले महिदपुर अस्पताल और फिर चरक अस्पताल ले जाया गया, जहाँ देर रात उनकी मौत हो गई।

दिनेश शर्मा गांव के महावीर हनुमान मंदिर में पुजारी भी थे। उनके भाई अशोक के अनुसार, दिनेश के पास 6 बीघा जमीन थी और उन पर करीब 5 लाख रुपये का कर्ज था। इस बार सोयाबीन की फसल खराब होने के कारण वे गहरे तनाव में थे। दिनेश के दो बेटे हैं, जिनकी उम्र 11 और 13 साल है।

# एएसआई की हार्ट अटैक से मौत पुलिस महकमे में शोक की लहर

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल उज्जैन।**

मध्यप्रदेश की महाकाल नगरी उज्जैन से एक दुखद घटना सामने आई है। ड्यूटी से घर लौट रहे एक एसआई की हार्ट अटैक से दिल को झकझोर देने वाली मौत हो गई। देवास गेट थाने में पदस्थ एएसआई राधेश्याम भामोर की हार्ट अटैक की मौत से दुख की लहर फैल गई।

### झाबुआ जिले के ग्राम टेमरिया के थे मूल निवासी

एएसआई भामोर मूल रूप से झाबुआ जिले की पेटलावद तहसील के ग्राम टेमरिया के निवासी थे। वर्ष 2007 में उन्होंने आरक्षक के पद पर पुलिस सेवा में प्रवेश किया था। तत्पश्चात प्रमोशन पाकर वे एएसआई बने और फिलहाल देवासगेट थाने में पदस्थ थे। वे जून माह में ही उज्जैन स्थानांतरित होकर आए थे। उनके परिवार में पत्नी और दो पुत्र — अजय (24 वर्ष) और प्रेम (20 वर्ष) हैं। परिजनों ने बताया कि उन्हें पहले से कोई गंभीर बीमारी नहीं थी, इसलिए अचानक हुआ यह हार्ट अटैक सभी के लिए चौंकाने वाला रहा। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस दौरान देवासगेट टीआई अनिला पाराशर सहित थाना स्टाफ और अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। पूरा पुलिस परिवार इस दुखद क्षति से व्यथित है।

### एसआई मोहन यादव की वीआईपी ड्यूटी से लौट रहे थे

जानकारी के मुताबिक वो सीएम मोहन यादव की वीआईपी ड्यूटी से घर लौट रहे थे। इसी दौरान सीने में अचानक तेज दर्द उठा। हालांकि परिजनों उन्हें अस्पताल ले गए थे लेकिन उनको नहीं बचाया जा सका। जैसे ही शनिवार सुबह उनकी मौत की खबर सबको लगी तो पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। किसी को यकीन ही नहीं हो रहा था कि कल चंगे-भले ड्यूटी पर गए राधेश्याम के साथ ऐसा दुखद हादसा भी हो सकता है। उनकी मौत से विभाग गमगीन हो गया। राधेश्याम टेमरिया झाबुआ जिले के रहने वाले थे। उनकी मौत पर जहां परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है वहीं विभाग को यकीन करना मुश्किल हो पा रहा है कि वो अब इस दुनिया में नहीं रहे।

जानकारी के अनुसार, एएसआई राधेश्याम भामोर पुलिस लाइन स्थित अपने सरकारी आवास में रहते थे। शुक्रवार को मुख्यमंत्री की वीआईपी ड्यूटी पूरी करने के बाद वे रात में घर लौटे थे। घर पहुंचने के बाद उन्होंने करवा चौथ के पूजन में हिस्सा लिया। पूजन के कुछ समय बाद ही उन्हें अचानक सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई। परिजनों ने तुरंत उन्हें तीन बत्ती चौराहा स्थित एस.एन. कृष्णा हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

शनिवार सुबह जैसे ही उनकी मृत्यु की खबर फैली, पुलिस महकमे में गम का माहौल बन गया। उनके साथी और वरिष्ठ अधिकारी स्तब्ध रह गए। सभी के बीच यह चर्चा थी कि मिलनसार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी राधेश्याम भामोर अब नहीं रहे।

## खाद्य विभाग द्वारा खाद्य पदार्थो के नमूने लिए



**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार निरीक्षण एवं नमूना कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को मिल्क कार्नर, जूना सोमवारिया से घी का नमूना, चेतन डेयरी केडी गेट से मिश्रित दूध का नमूना, श्रीराम डेयरी दूधतलाई से घी, पनीर, मावा के नमूनें, महाकाल ट्रेडर्स दूधतलाई से सरसों तेल का नमूना, श्री सांई बाबा ट्रेडर्स से काली मिर्च का नमूना, श्री जी ट्रेडर्स फव्वारा चौक से सोयाबीन तेल का नमूना, सूरज सेल्स एजेंसी फव्वारा चौक से मूंगफली तेल के नमूनें, न्यू मारूति ट्रेडर्स इंदौर गेट से हल्दीराम सोनपपडी के नमूनें लिये गये। उपरोक्त सभी नमूनें जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गये हैं।

## नशेड़ियों ने कड़े और टॉप्स के लिए बुजुर्ग महिला की हत्या



लाश झाड़ियों में छिपा दी, बेचने की कोशिश में पकड़ाए

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल उज्जैन।**

दो नशेड़ियों ने चांदी के कड़े और सोने के टॉप्स के लिए एक बुजुर्ग महिला का गला रेतकर हत्या कर दी थी। आरोपी पहले ही पकड़े गए थे और पुलिस को लाश बाद में मिली। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि इंदौर रोड के ग्राम सेवरखेड़ी की 65 वर्षीय बब्बू बाई अपने भाई के साथ रहती थीं और दूसरे के खेतों में मजदूरी करती थीं। शुक्रवार को बब्बू बाई मजदूरी से नहीं लौटीं, जिस पर परिजनों ने रात में नानाखेड़ा थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई।

पुलिस को गांव में रहने वाले दीपक उर्फ मंगल को सोने के टॉप्स बेचने के प्रयास की सूचना मिली। पूछताछ में उसने अपने साथी दीपक उर्फ कृष्णपाल के साथ मिलकर बब्बू बाई की हत्या करने और उनके गहने लूटने की बात कबूल की। पुलिस के मुताबिक, आरोपी बब्बू बाई के दोनों पैरों में लगभग एक किलो वजनी चांदी के कड़े और कान में सोने के टॉप्स देखकर लालच में आ गए। उन्होंने लाठी से हमला किया और दराते से महिला का गला रेतकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी जेवर लूटकर लाश झाड़ियों में छुपा गए। शनिवार शाम पुलिस ने हत्या के मामले में आरोपियों को पकड़कर पूरे मामले का खुलासा कर दिया।

# वीएचपी और बजरंगदल के कार्यकर्ता बाइक लेकर महाकाल लोक में घुसे



### ज्ञापन देने के लिए प्रशासक ऑफिस पहुंचे; महाकाल की सवारी का रूट बदलने से थे नाराज

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल उज्जैन।**

दशहरा पर्व पर निकलने वाली सवारी मार्ग बदलने पर शनिवार को वीएचपी और बजरंगदल ने महाकाल मंदिर प्रशासक के कार्यालय में पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। लेकिन इस दौरान बड़ी संख्या में आए कार्यकर्ताओं ने मंदिर की बैरिकेडिंग तोड़कर करीब 50 दोपहिया वाहनों से महाकाल लोक में घुसकर मंदिर प्रशासक के ऑफिस तक पहुंच गए।

2 अक्टूबर को महाकाल मंदिर से निकली सवारी का रूट बदलने को लेकर हुए हंगामे के करीब 9 दिन बाद, शनिवार को वीएचपी और बजरंग दल के कार्यकर्ता दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर बाइक से महाकाल मंदिर पहुंचे।

सभी महाकाल लोक के नीलकंठ द्वार से अंदर प्रवेश कर गए। यहां लगे सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड अपनी बाइक से हटा कर महाकाल लोक में प्रवेश किया और भारत माता मंदिर की ओर से मंदिर प्रशासक के कार्यालय तक पहुंच गए। जिस रास्ते से वीएचपी और बजरंग दल के कार्यकर्ता अपनी बाइक लेकर महाकाल लोक में घुसे, वहां अब किसी भी अधिकारी की गाड़ी नहीं जाती। कार्यकर्ताओं ने एसडीएम एलएन गर्ग को ज्ञापन देते हुए सवारी मार्ग बदलने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

**मंदिर का व्यवसायीकरण नहीं होना चाहिए-** वीएचपी के प्रांत प्रमुख महेश तिवारी ने बताया कि हम नहीं चाहते थे कि मंदिर में इस तरह का एकत्रीकरण हो, लेकिन जब से महाकाल लोक बना है, तभी से मंदिर में मनमानी चल रही है।

यहां खुदाई में मिले 1000 वर्ष पुराने मंदिर को दबा दिया गया, सती माता का मंदिर हटा दिया गया, सवारी मार्ग का रूट बदल दिया गया और यह सब किसी नेता के दबाव में किया गया। हम चाहते हैं कि मंदिर का व्यवसायीकरण न किया जाए।

एसडीएम एलएन गर्ग ने बताया कि पहले से इस मामले में जांच चल रही है। कलेक्टर इस पर फैसला करेंगे। आज वीएचपी और बजरंग दल ने ज्ञापन दिया है।

## पूर्व विधायक की भजन संध्या के पास चले लाठी-डंडे

**उज्जैन।** बड़नगर में कांग्रेस के एक पूर्व विधायक के जन्मदिन पर आयोजित भजन संध्या के पास हंगामा हो गया। कुछ युवकों के बीच मारपीट हुई और लट्ठ चलने लगे। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। बड़नगर के कांग्रेस के पूर्व विधायक मुरली मोरवाल का बुधवार को जन्मदिन था। इस मौके पर गांधी चौक पर भजन संध्या रखी गई थी, जिसमें तेजाजी नगर तक के लोग शामिल हुए थे। रात करीब 12ः45 बजे कुछ युवकों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। देखते ही देखते विवाद बढ़ा और मारपीट शुरू हो गई। कुछ युवक एक-दूसरे पर लट्ठ बरसाने लगे। इस घटना को लेकर बड़नगर थाने में किसी ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पूर्व विधायक मुरली मोरवाल से इस घटना के बारे में कहा कि, मेरे कार्यक्रम से करीब आधा किमी दूर ये विवाद हुआ। मुझे भी वीडियो वायरल होने के बाद पता चला। ये सभी युवक बाहर के दिखाई दे रहे है।बड़नगर थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बताया कि शुक्रवार रात को जब वीडियो सामने आया, तब घटना की जानकारी मिली। शनिवार सुबह पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की, जिसमें घटना की पुष्टि हुई है। अब आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# मानसिक स्वास्थ स्वास्थ्य पर प्रशिक्षण आयोजित

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल उज्जैन।**

बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जनपद पंचायत उज्जैन में मनोसामाजिक परामर्शदाताओं (आर. के. एस. के) एवं सामुदायिक स्वास्व अधिकारियों को मानसिक स्वास्थ, जेंडर समानता, बाल संरक्षण, जीवन कौशल एवं साइबर सेफ्टी विषय पर गत दिनों प्रशिक्षण प्रदान किया गया।



कार्यक्रम के प्रारंभ में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री बृजेश त्रिपाठी ने पाक्सो अंतर्गत विक्टिम के मेडिकल जांच में स्वास्थ अधिकारियों की भूमिका पर विस्तार से बताया 7 सभी को संबोधित करते हुए कहा कि बदलते माहौल में भागदौड के कारण कार्यस्थल व घर परिवार संतुलन बनाए रखने हेतु मानसिक स्वास्थ्य को पहली प्राथमिकता देवें। पोक्सो एक्ट अंतर्गत पीड़ित के विषय में गोपनीयता का विशेष ध्यान देवें। जनपद पंचायत के सेवानिवृत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री ए.के. त्रिवेदी ने मानसिक स्वास्थ की चुनौतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी । महिला एवं बाल विकास विभाग की विधि सह परिवीक्षा अधिकारी श्रीमती प्रियंका त्रिपाठी ने बच्चों सम्बंधित कानूनों किशोर न्याय अधिनियम 2015, पाक्सो एक्ट, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया एवं बाल संरक्षण सम्बंधित विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। तकनिकी सहयोगी संस्था ममता एच.आई.एम.सी यूनिसेफ के प्रतिनिधि नीलेश दुबे द्वारा सहभागिता आधारित गतिविधियों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ के मुद्दे जिसमे फर्स्ट ऐड, रेफरल सेवाओं, हेल्पलाइन नंबर शामिल है के बारे में विस्तार से बताया इसके साथ ही जेंडर भेदभाव, सकारात्मक मर्दानगी, समता और समानता विषयों और उनके महिलाओं, किशोर किशोरियों एवं बच्चों पर दुष्प्रभाव सम्बंधित जानकारी प्रदान की गई । वर्तमान परिदृश्य में ऑनलाइन खतरों और उनके महिलाओं, किशोर किशोरियों एवं बच्चों पर दुष्प्रभाव विषय पर राज्य साइबर उज्जैन के सहायक उप निरिक्षक श्री हरेन्द्र पाल सिंह ने ऑनलाइन खतरों और उनसे बचने के उपायों के सम्बन्ध में केस स्टडी के माध्यम से प्रतिभागियों को जानकारी दी । राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ कार्यक्रम जिला उज्जैन के प्रतिनिधि श्री योगेश नरुका ने प्रजनन और यौन स्वास्थ्य विषय के तहत माहवारी स्वच्छता, मानसिक स्वास्थ और हेल्पलाइन के अलावा, एड्स जैसी गंभीर बिमारियों के बारे में जानकारी और बचाव के उपाय सम्बंधित जानकारी प्रदान की गई।

# 4 ट्रेन निरस्त, 52 का मार्ग बदला, 12 हुई शॉर्ट टर्मिनेट

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल उज्जैन।**

रेलवे यार्ड में करीब 5 दिन तक चलने वाले रिमॉडलिंग कार्य के चलते अप एवं डाउन ट्रेक की 52 ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा है। इसके अलावा 12 ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट किया गया है, जबकि कुछ ट्रेनों को नई शुरुआत (ओरिजिनेट) दी गई है। यार्ड रिमॉडलिंग के दौरान प्लेटफार्म नंबर सात और आठ को जोड़ा जाएगा, जिससे भविष्य में ट्रेनों के संचालन में आसानी होगी। रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीना ने बताया कि ब्लॉक कार्य और नान इंटरलॉकिंग के कारण 11 से 15 अक्टूबर तक चार ट्रेनों को निरस्त कर दिया गया है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि यात्रा से पहले रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट या हृञ्जश्वस/हेल्पलाइन से गाड़ियों की ताजा स्थिति अवश्य जांच लें।

रेलवे ने प्लेटफार्म नंबर आठ के पीछे नया कंट्रोल टावर भवन बनाया है। वर्तमान टावर प्लेटफार्म नंबर एक पर पुराने जीआरपी थाना भवन के समीप है।

### निरस्त ट्रेनों की सूची

11 से 15 अक्टूबर- गाड़ी संख्या 19341 नागदा-बीना एक्सप्रेस
12 से 16 अक्टूबर- गाड़ी संख्या 19342 बीना-नागदा एक्सप्रेस
11 से 15 अक्टूबर- गाड़ी संख्या 69214 इंदौर-उज्जैन पैसेंजर
11 से 15 अक्टूबर- गाड़ी संख्या 69213 उज्जैन-इंदौर पैसेंजर

शॉर्ट टर्मिनेट / ओरिजिनेट / आंशिक निरस्त ट्रेनों की सूची

11 से 15 अक्टूबर- गाड़ी संख्या 69211 उज्जैन-इंदौर पैसेंजर (फतेहाबाद चंद्रावतीगंज तक चलेगी, बाकी मार्ग निरस्त)
11 से 15 अक्टूबर- गाड़ी संख्या 69212 इंदौर-उज्जैन पैसेंजर (फतेहाबाद चंद्रावतीगंज पर शॉर्ट टर्मिनेट)
11 से 15 अक्टूबर- गाड़ी संख्या 69231 उज्जैन-चित्तौड़गढ़ पैसेंजर (फतेहाबाद चंद्रावतीगंज तक चलेगी)
11 से 15 अक्टूबर- गाड़ी संख्या 69232 चित्तौड़गढ़-उज्जैन पैसेंजर (फतेहाबाद चंद्रावतीगंज पर शॉर्ट टर्मिनेट)
11 से 15 अक्टूबर- गाड़ी संख्या 59306 उज्जैन-इंदौर पैसेंजर (विक्रमनगर तक चलेगी)
11 से 15 अक्टूबर- गाड़ी संख्या 59320 भोपाल-उज्जैन पैसेंजर (मक्सी पर शॉर्ट टर्मिनेट)
11 से 15 अक्टूबर- गाड़ी संख्या 59319 उज्जैन-भोपाल पैसेंजर (मक्सी से शॉर्ट ओरिजिनेट)
11 से 15 अक्टूबर- गाड़ी संख्या 19340 भोपाल-दाहोद एक्सप्रेस (नागदा से शॉर्ट ओरिजिनेट)
11 से 15 अक्टूबर- गाड़ी संख्या 19339 दाहोद-भोपाल एक्सप्रेस (नागदा पर शॉर्ट टर्मिनेट)
11 से 15 अक्टूबर- गाड़ी संख्या 59388 इंदौर-नागदा पैसेंजर (विक्रमनगर पर शॉर्ट टर्मिनेट)
11 से 15 अक्टूबर- गाड़ी संख्या 59387 नागदा-इंदौर पैसेंजर (विक्रमनगर से शॉर्ट ओरिजिनेट)
11 अक्टूबर- गाड़ी संख्या 19324 बीना-नागदा एक्सप्रेस (मक्सी पर शॉर्ट टर्मिनेट)

### प्रधानमंत्री धन धान्य योजना का शुभारंभ हुआ

# ग्राम तालोद में बायोफ्लाक ईकाई का वर्चुअल उद्घाटन

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल उज्जैन।**

शनिवार को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री धन धान्य योजना का शुभारंभ किया गया। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत मध्य प्रदेश मछुआ कल्याण मत्स्य विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत कुल राशि 693.80 लाख रुपए की विभिन्न संरचनाओं का भी वर्चुअल उद्घाटन भी (Inauguration) संपन्न किया गया। इस अवसर पर जिला उज्जैन के ग्राम तालोद में श्री अमृत यादव द्वारा निर्मित 25 टैंक बायोफ्लॉक इकाई, लागत राशि रु. 25.00 लाख है, का भी वर्चुअल उद्घाटन भी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया।




बायोफ्लॉक 25 टैंक का मतलब आमतौर पर 25 टैंकों का एक समूह है, जिनका उपयोग बायोफ्लॉक तकनीक से मछली पालन के लिए किया जाता है। यह एक आधुनिक और पर्यावरण-अनुकूल तकनीक है जिसमें सीमित स्थान और पानी का उपयोग करके, बिना तालाब खोदे, मछली उत्पादन किया जाता है। इन टैंकों में, मछली के अपशिष्ट को बैक्टीरिया द्वारा प्रोटीन में बदला जाता है, जिससे पानी की गुणवत्ता बनी रहती है और अधिक मछली उत्पादन संभव होता है। यह मछली पालन के लिए एक इकाई है जिसमें कुल 25 टैंक होते हैं। यह एक ही जगह पर एक साथ कई टैंकों के साथ मछली पालन को सक्षम बनाता है। यह उन किसानों के लिए उपयुक्त है जो कम जगह में अधिक मछली उत्पादन करना चाहते हैं। कम लागत- पारंपरिक तरीकों की तुलना में इसमें पानी और लागत दोनों की बचत होती है। कम जगह में भी अधिक मात्रा में मछली का उत्पादन किया जा सकता है। इस तकनीक से साल में दो से तीन बार मछली का उत्पादन लिया जा सकता है। मछलियां बहुत तेज़ी से बढ़ती हैं, जिससे वे जल्दी तैयार हो जाती हैं। कम श्रमिकों की आवश्यकता होती हैं। बायोफ्लॉक तकनीक अपनाकर मछुआरो को रोजगार प्राप्त होगा एवं उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। उक्त कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ जिसमें कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र, एवं मत्स्य पालन विभाग के संबंधित विभागीय अधिकारीगण के साथ साथ श्री गिरिश मेश्राम उपसंचालक मत्स्योधोग संचालनालय भोपाल भी उपस्थित थे।

# शहडोल संभाग के तीनों जिले पीएम धन-धान्य योजना में शामिल

## प्रधानमंत्री ने पीएम धन-धान्य योजना एवं दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का वर्चुली किया शुभारंभ

## 35 हजार करोड़ लागत वाली परियोजनाओं से देश के 100 आकांक्षी जिलों को मिलेगा लाभ

**शहडोल।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 35 हजार करोड़ रूपए से ज्यादा लागत की कृषि योजनाओं का भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली से वर्चुली शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री जी ने देश के 100 आकांक्षी जिले जहां कृषि उत्पादन देश के औसत उत्पादन के कम है में प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना के माध्यम से कृषि उत्पादन बढ़ाने के उददेश्य से पीए धन-धान्य योजना तथा दलहन उत्पादन के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने के उददेश्य से दहलन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय किसान कल्याण विभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मत्स्यपालन एवं डेयरी विकास मंत्री राजीव रंजन सिंह, तथा केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी उपस्थित रहे। जिला मुख्यालय शहडोल में राजेन्द्र टॉकीज, अशोका पैलेस में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में लाइव प्रसारण देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम में विधायक जयसिंहनगर मनीषा सिंह, विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी, कलेक्टर डॉ केदार सिंह, जनपद उपाध्यक्ष सोहागपुर शक्ति सिंह, एसडीएम सोहागपुर अमृता गर्ग, जिला कृषि विज्ञान केन्द्र के समन्वयक डॉ. मृगेन्द्र सिंह, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह, कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्यपालन एवं जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक, सहकारिता विभाग के अधिकारी एवं जिले भर से आए किसानों ने कार्यक्रम में सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जैतपुर विधानसभा क्षेत्र जयसिंह मरावी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर समृद्ध एवं शक्तिशाली भारत के निर्माण के संकल्प को पूरा करने में



किसानो की अहम भूमिका है। खेती किसानी विकास यात्रा का प्रमुख हिस्सा है। इक्कीसवीं सदी के भारत के तेजी से विकास के लिए कृषि व्यवस्थाओं में सुधार की जो आवश्यकताएं जरूरी हैं। उनकी पूर्ति केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा नई-नई योजनाएं बनाकर की जा रही है। आपने कहा कि खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए खेती के साथ किसानों को पशुपालन प्राकृतिक खेती, कृषि यंत्रों के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान भाई पालतू पशुओं को आवारा नहीं छोड़ें इससे खेती का नुकसान तो होता ही है दुर्घटनाएं भी होती हैं। पशुधन का उपयोग दुग्ध उत्पादन तथा गोबर एवं मूत्र से जैविक उर्वरक के रूप में करके खेती की लागत को कम कर सकते हैं।

जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र की विधायक मनीषा सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पीएम धन-धान्य योजना तथा दलहन आत्मनिर्भरता मिशन में शहडोल संभाग के तीनों जिलों को शामिल करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। आपने कहा कि किसानों का जीवन खेती पर ही निर्भर होता है। किसानों के जीवन में खुशी लाने के लिए कृषि उत्पादन बढ़ाना आज की आवश्यकता है। उत्पादन बढ़ाने के लिए मिट्टी परीक्षण से लेकर उन्नत बीज, आधुनिक कृषि तकनीक, कृषि यंत्रों के प्रयोग के साथ ही पशुपालन, मत्स्यपालन, मधुमक्खी पालन जैसी गतिविधियां अपनानी होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जीएसटी कम करके कृषि यंत्रों के मूल्य कम कर दिए गए हैं। किसान भाई अवसर का लाभ उठाएं। इस अवसर पर उन्होंने भावान्तर योजना की जानकारी देते हुए बताया कि अतिवृष्टि एवं कीट प्रकोप से सोयाबीन की फ़सल प्राभावित हुई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा उन किसानों के नुकसान की भरपाई भावान्तर योजना से करने का निर्णय लिया है। भावान्तर योजना के तहत पंजीयन का कार्य 17 अक्टूबर 2025 तक किया जा रहा है। संबंधित किसान योजना का लाभ लेने के लिए शीघ्र पंजीयन अवश्य करा लें।

उन्होंने बताया कि 15 दिवस में भावांतर की राशि का किसान के आधार लिंक बैंक खाते में सीधे अंतरण की जाएगी। भावांतर योजना के तहत एम एस पी से कम लेकिन मंडी मॉडल रेट से अधिक भाव प्राप्त होने पर विक्रय मूल्य और एम एस पी के अंतर की राशि,एम एस पी और मंडी मॉडल रेट दोनों से कम भाव प्राप्त होने पर मंडी मॉडल रेट और एम एस पी के अंतर की राशि प्रदान की जाएगी। कलेक्टर ने मंडी मॉडल रेट के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि विगत दो सप्ताह में विक्रय की गई सोयाबीन का औसत विक्रय मूल्य प्रतिदिन निर्धारित होता है।

# खेत की जुताई करने जा रहा ट्रैक्टर इंजन पलटा, दबने से चालक की मौत

## सूचना मिलते ही पहुंचे थाना प्रभारी गोहपारू अपनी टीम के साथ

**शहडोल।** गोहपारू थाना क्षेत्र के बेलहा गांव में खेत की जुताई करने जा रहा ट्रैक्टर इंजन नदी के पास पलट गया, इंजन के नीचे दबने से चालक की मौके पर मौत हो गई है। घटना देख स्थानीय लोगों मौके पर दौड़े और चालक को निकालने की कोशिश की गई। लेकिन जब तक उसकी मौत हो गई थी। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने अपनी जांच शुरू की है। और चार घंटे की कड़ी मेहनत के बाद शव को बाहर निकला गया। पुलिस ने बताया कि घटना बेलहा गांव में हुई है। पुलिस के अनुसार ट्रैक्टर चालक बीरभान सिंह पिता भगवानदास सिंह (27) निवासी बेलहा थाना गोहपारू की इस घटना में मौत हुई है। बताया गया कि बीरभान अपने खेत की जुताई करने के लिए स्वयं का ट्रैक्टर इंजन लेकर खेत जा रहा था, तभी खेत के पहले स्थित एक स्थानीय नदी के पास चालक ने ट्रैक्टर इंजन से अपना नियंत्रण खो दिया और वाहन अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरा, इंजन के नीचे दबने से चालक की मौके पर मौत हो गई। घटना देख स्थानीय लोग मौके पर दौड़े और इंजन में दबे चालक को निकालने की कोशिश की गई, लेकिन जब तक काफी देर हो गई थी, लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से चार घंटे की कड़ी मेहनत के बाद इंजन के नीचे दबे शव को बाहर



निकलवाया और पोस्टमार्टम की कार्यवाही के लिए भेजा गया है। थाना प्रभारी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि घटना की सूचना पर हम मौके पर पहुंचे थे, इंजन के नीचे चालक का शव दबा हुआ था। नदी के पास गड्ढे में ट्रैक्टर पलटा हुआ था, स्थानीय लोगों की मदद से हमने इंजन को हटवा कर शव को निकला है। मामले में मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है।

## 12 जुआरी गिरफ्तार

**विदिशा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिले में अवैध मादक पदार्थ एवं जुआ विरोधी विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना सिविल लाइन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह तथा थाना प्रभारी सिविल लाइन आर.के. मिश्र के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 90,000 नगद, 02 कारें (अनुमानित कीमत 14,00,000), कुल मशरूका 18,10,410 रूपए जब्त किया गया।

## महिला को ब्लैकमेल करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** थाना सिंहपुर क्षेत्रांतर्गत पीड़िता महिला द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि एक व्यक्ति ने व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से उसका अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया तथा परिचित महिला साबिया पिता मजीद, उसका भाई बबलू पिता मजीद एवं बिलाल पिता फुद्दू तीनों ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रुपये की मांग की और फेसबुक पर वीडियो अपलोड कर बदनामी की। थाना सिंहपुर में अपराध आई.टी. एक्ट के तहत पंजीबद्ध कर तीनों आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका था। फरार आरोपी हिमांशु कालवांडे पिता संजय कालवांडे, निवासी सरकारी कुआ) महाराणा प्रताप नगर) जबलपुर को पुलिस ने दिनांक 10.10.25 को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

# दीपावली तक अतिक्रमण के विरूद्ध नहीं होगी कार्यवाही

## मुनादी कराकर आमजन को दी जाएगी जानकारी

**शहडोल ।** शहडोल नगर में अतिक्रमण हटाए जाने के संबंध में कलेक्टर डॉ केदार सिंह की अध्यक्षता में जिला व्यापारी संघ तथा नगर पालिका के अध्यक्षघनश्याम जायसवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्टर ने व्यापारी संघ के अनुरोध पर दीपावली पर्व तक अतिक्रमण हटाने संबंधी कार्यवाही स्थगित करने के निर्देश नगरपालिका प्रशासन को दिए। उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा



जिन मार्गों का निर्माण कराया जाना है। उन मार्गों का प्रस्तावित रोड सीमा तक आयल पेन्ट से रोड का चिन्हांकन करा दिया जाए। नगर पालिका द्वारा मार्ग निर्माण की मुनादी भी कराई जाए। जिससे मार्ग निर्माण में प्रभावित होने वाले लोग अपनी आपत्ति वैध दस्तावेजों के साथ जानकारी नगर पालिका कार्यालय को दे सकें। दीपावली पर्व के बाद व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों द्वारा स्वम कहा है कि व्यापारी प्रतिनिधि नगर पालिका के साथ प्रस्तावित मार्गो का भ्रमण कर लोगों से स्वयं अतिक्रमण हटाने की अपील करेंगे और अतिक्रमण हटाने में सहयोग किया जाएगा । कलेक्टर ने कहा कि व्यापारी भी त्यौहारों के दौरान दुकान इस प्रकार से लगाएं कि आवागमन मार्ग प्रभावित नहीं हो। आम जनजीवन प्रभावित नहीं हो तथा लोग सुविधानुसार सामग्री क्रय कर सकें। बैठक में व्यापारी संघ के अध्यक्ष लक्ष्मण गुप्ता, एवं नगर के अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

# सुहागिनों ने धूमधाम से मनाया अखंड सौभाग्य का पर्व

**शहडोल।** अखंड सौभाग्य का प्रतीक करवा चौथ का पावन पर्व शहरभर में सुहागिनों द्वारा पूरी श्रृद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस दिन सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना के लिए निर्जला (बिना पानी) व्रत रखा।दिनभर व्रत रखने के बाद, महिलाओं ने शाम को सोलह श्रृंगार किया



और पारंपरिक रूप से पूजा-अर्चना की। सभी सुहागिनें एक साथ एकत्र हुईं, जहां उन्होंने समूह में करवा चौथ की पौराणिक कथा सुनी।व्रत का पारण (खोलना) देर रात तब हुआ, जब आसमान में चंद्रमा के दर्शन हुए। महिलाओं ने छलनी से पहले चांद को और फिर अपने पति के चेहरे को देखा। इसके बाद, उन्होंने चंद्रमा को अर्घ्य दिया और अपने पति के हाथों जल पीकर अपना व्रत खोला।इस अवसर पर, सभी पतियों ने अपनी पत्नियों को स्नेह और सम्मान के साथ जल पिलाया और उन्हें उपहार भेंट किए। हर तरफपर्व की धार्मिकता और प्रेम का माहौल देखने को मिला। सुहागिनों ने अपने सुहाग की लंबी उम्र की दुआ मांगते हुए इस पारंपरिक पर्व को अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न किया।

## लीनेस क्लब डायमंड ने दिव्यांग को बनाया आत्मनिर्भर



**शहडोल ।** लीनेस क्लब डायमंड की बहनों ने मिलकर एक दिव्यांग जरूरतमंद व्यक्ति को जीविका उपार्जन के लिए सहायता की गई। क्लब की सदस्यों ने दिव्यांग को गैस सिलेंडर एवं चाय,समोसा,जलेबी बनाने के बर्तन, राशन, साथ ही बदलते हुए मौसम के लिए कंबल एवं नगद राशि देकर एक छोटे से व्यवसाय को आरंभ कर व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया। क्लब की पूर्व एरिया ऑफिसर लीनेस ममता जैन, चार्टर वाइस प्रेसिडेंट एवं माइक्रो चेयर पर्सन रिंकी दुबे, एवं चेयर पर्सन प्रभा मिश्रा उपस्थित रहीं।

# शासन की गाइड लाइन के अनुसार हो रहा कार्य, नेशनल हाईवे सड़क परियोजना निदेशक ने की पत्रकार वार्ता

**विदिशा।** शनिवार को नेशनल हाईवे सड़क प्राधिकरण द्वारा एक प्रेसवार्ता का आयोजन अहमदपुर रोड स्थित कार्यालय में किया गया। इस दौरान नेशनल हाईवे सड़क परियोजना निदेशक सिद्धांत सिंघई सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे द्वारा सड़क का चौड़ीकरण किया जा रहा है, जिसमें नियमों के अनुसार कार्रवाई की जा



रही है। किसी भी प्रकार का कोई गलत काम नहीं किया जा रहा है और जो उन पर आरोप लगाए जा रहे हैं वह निराधार हैं।

शनिवार को अहमदपुर रोड स्थित बाईपास नेशनल हाईवे सड़क अथॉरिटी कार्यालय में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान नेशनल हाईवे और पीआईयू विदिशा के परियोजना निदेशक सिद्धांत सिंघई ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि नेशनल हाईवे द्वारा सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है जो शासन द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन किसानों की भूमि सड़क चौड़ीकरण में आई है उनको मुआवजा दिया गया है और किसी भी प्रकार की कोई जबरदस्ती नहीं की जा रही है और शासन की गाइड लाइन के अनुसार भूमि अधिग्रहण किया गया है। उन्होंने कहा की पिछले दिनों जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी द्वारा आरोप लगाया गया था कि नेशनल हाईवे द्वारा जो सर्वे नंबर अधिग्रहण किया गया है उस पर काम न कर दूसरे सर्वे नंबर पर काम किया जा रहा है। ऐसा कोई भी कार्य दूसरे नंबर पर नहीं किया जा रहा है। उनके द्वारा जो आरोप लगाए गए हैं वह गलत और निराधार हैं। उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे सड़क प्राधिकरण द्वारा किसी भी राजनीतिक दबाव के चलते किसी भी किसान के साथ कोई गलत नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस जगह पर कैलाश रघुवंशी द्वारा आरोप लगाया गया है उस जगह का उन्हें मुआवजा दिया जा चुका है और कार्य करने की उनको पूरी जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि वह अंदर जाने की अनुमति नहीं दे रहे थे जिसके कारण से राजस्व विभाग के अन्य अधिकारियों को बुलाकर सीमांकन कराया गया था और पोल शिफ्टिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि 132 केवी लाइन को सड़क से ऊंचा करने के लिए कार्य किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने जो भी आरोप लगाए हैं वह निराधार हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी किसान या आमजन को किसी भी प्रकार की कोई समस्या है तो वह नेशनल हाईवे कार्यालय में आकर अपनी समस्या अधिकारी कर्मचारियों के समक्ष रख सकते हैं और उस पर तुरंत ही निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे सड़क प्राधिकरण द्वारा किसी के साथ कोई जोर जबरदस्ती और गलत कार्य नहीं किया जा रहा है। शासन की गाइड लाइन के अनुसार की कार्य किया जा रहे हैं और इसकी पूरी पारदर्शिता के साथ वरिष्ठ अधिकारियों को भी अवगत कराया जा रहा है।

## केन्द्रीय मंत्री चौहान का दौरा कार्यक्रम

**विदिशा।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान 12 अक्टूबर को विदिशा जिले में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। केन्द्रीय मंत्री चौहान का प्राप्त दौरा कार्यक्रम अनुसार रविवार 12 अक्टूबर की प्रातः 10.30 बजे भोपाल से विदिशा के लिए प्रस्थान कर दोपहर 11.30 बजे विदिशा आगमन और विट्ठल नगर में स्थित अपना घर आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे इसके पश्चात दोपहर एक बजे समाजसेवियों से चर्चा, दोपहर 1.45 बजे भण्डारी पैलेसे में आयोजित लोकतंत्र सेनानी सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होंगे। केन्द्रीय मंत्री चौहान का दोपहर 2.45 से तीन बजे तक का समय आरक्षित रखा गया है।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 संभागीय कार्यशाला आयोजित

**शहडोल।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय इंदिरा गांधी गृह विज्ञान कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत अध्यादेश क्र 14 एक एवं 14 दो के सफल क्रियान्वयन के लिए एक दिवसीय संभागीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।





कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह, अध्यक्ष के रूप में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के कुलगुरु प्रो राजेंद्र कुमार कुररिया रहे। साथ ही विषय प्रवर्तक के रूप में उच्च शिक्षा विभाग के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ धीरेंद्र कुमार शुक्ला, विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. प्रतिभा कुमार, महाविद्यालय के जन्म भागीदारी अध्यक्ष विभव पांडे उपस्थित रहे । इस कार्यशाला में शहडोल, उमरिया एवं अनूपपुर जिले के सभी शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य एवं विभिन्न विषयों के नोडल अधिकारीएवं शिक्षामित्र के रूप में विद्यार्थी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार तिवारी ने सम्मानित अतिथियों का शाल एवं श्रीफल देकर स्वागत किया और स्वागत उद्बोधन में कार्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा रखी।डॉ धीरेंद्र कुमार शुक्ला ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025 26 से स्नातक पाठ्यक्रम में लागू अध्यादेश क्रमांक 14 (1) एवं स्नातकोत्तर के लिए अध्यादेश 14 (2)के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। डॉ प्रतिभा कुमार ने एसडब्ल्यूवाइएएम (स्वयं) कोर्स के बारे में बताया कि किस प्रकार किसी भी समय कहीं से बैठकर ऑनलाइन कोर्स के माध्यम से गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्राप्त कर सर्टिफिकेट प्राप्त कर सकते है जो हमारे नियमित कोर्स के साथ क्रेडिट किया जा सकते हैं।कार्यक्रम के संयोजक डॉ राजीव श्रीवास्तव एवं सह संयोजक डॉ समसुल हक एवं डॉ बृज किशोर सिंह रहे। कार्यक्रम के दौरान कन्या महाविद्यालय के समस्त प्रध्यापक,अतिथि विद्वान,जनभागीदारी अतिथि विद्वान एवं अशैक्षणिक स्टाफ ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन किया।कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन डॉ विनोद सुनार एवं डॉ मोनिका मन्हास गुप्ता ने किया।

# पीएम धन धान्य कृषि योजना और दलहन आत्म निर्भरता मिशन का शुभांरभ

**विदिशा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पीएम धन धान्य कृषि योजना और दलहन आत्म निर्भरता मिशन का शुभांरभ किया है। कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्यपालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की 1100 से अधिक परियोजनाओं व 42000 करोड़ रूपए से अधिक की कृषि परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उपरोक्त कार्यक्रम का विदिशा जिले में भी सीधा देखने सुनने के प्रबंध सुनिश्चित किए गए थे। विदिशा कृषि उपज मंडी प्रागंण में आयोजित कार्यक्रम में विदिशा विधायक मुकेश टण्डन, अनाज तिलहन व्यापार संघ के अध्यक्ष राधेश्याम महेश्वरी सहित अन्य गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक केएस खपेडिया, सहायक संचालक महेन्द्र ठाकुर, मंडी सचिव नीलकमल वैद्य सहित अन्य व्यापारीगण, हम्माल व तुलावटगणों के साथ-साथ कृषकबंधु समेत मंडी के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।





# सी.एम.ओ. नितिन बिंजवे की लगातार अनुपस्थिति के चलते सी.एम.ओ. वीरेन्द्र तिवारी को प्रभार

## नपा के कार्य हो रहे थे प्रभावित

**आमला।** पिछले एक वर्ष से आमला नगरपालिका में सब कुछ ठीक ठाक नही चल रहा है विशेषकर सी.एम.ओ. के मामले में पहले सी.एम.ओ. विरेन्द्र तिवारी को आमला पदस्थ किया गया। उनके ऊपर भिण्ड जिले में आर्थिक अनियमितता के चलते एफ़आई.आर. दर्ज हुई थी जिसके चलते उन्होने कई दिन तक नगरपालिका की तरफ मुड़ कर नही देखा। इससे नपा के कार्य प्रभावित होते रहे। उसके बाद बिना विरेन्द्र तिवारी को आमला से हटाए सी.एम.ओ. नितिन बिंजवे को आमला भेज दिया। बिंजवे की कार्यप्रणाली से पार्षदों में नाराजगी दिखाई दी तो शहर में भी आक्रोश पनपा। इसी बीच नितिन बिंजवे लंबे अवकाश पर चले गए। इसके चलते नगरपालिका के कार्य फिर प्रभावित होने लगे। कर्मचारियों का वेतन रूक गया। फिर जानकारियां सामने आई कि नितिन बिंजवे के खिलाफ आर्थिक अपराध शाखा ने एफ़आई.आर. करवाई है। उधर नितिन बिंजवे पर एफ़आई.आर. हुई इधर नपा के कार्य प्रभावित होना

## सी.एम.ओ. नितिन बिंजवे पर ई.ओ.डब्लू. ने किया है मामला दर्ज





शुरू हो गए जिसके चलते पार्षदों ने क्षेत्रीय विधायक डॉ पण्डाग्रे के पास गुहार लगाई तो वही नगरपालिका अध्यक्ष नितिन गाडरे ने भी नगरीय प्रशासन के संयुक्त संचालक का दरवाजा खटखटाया।

### नितिन बिंजवे पर गंभीर आरोप

ई.ओ.डब्लू. ने नितिन बिंजवे के खिलाफगंभीर धाराओं में मामला दर्ज करवाया है। बताया जाता है कि छिंदवाड़ा जिले की नगरपालिका न्यूटन चिखली में अपनी पदस्थापना के समय सी.एम.ओ. बिंजवे ने खूब फर्जीवाड़ा किया जिसकी शिकायत होने पर ई.ओ.डब्लू. ने जांच की और एफ़आई.आर. दर्ज करवाई।

### विरेन्द्र तिवारी को मिला प्रभार

शुक्रवार संभागीय संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन द्वारा एक आदेश जारी किया गया जिसमें आमला नगरपालिका का प्रभार विरेन्द्र तिवारी को देने की बात कही गई। साथ ही यह भी कहा गया कि सी.एम.ओ. नितिन बिंजवे पर आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरों जबलपुर द्वारा एफ़आई.आर. दर्ज की गई है।

### नपा अध्यक्ष ने किया था अनुरोध

संभागीय संयुक्त संचालक आर.एस.मण्डलोई ने बताया कि नगरपालिका परिषद आमला के अध्यक्ष के अनुरोध पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी विरेन्द्र तिवारी को आमला का प्रभार दिया गया है तिवारी के पास वित्तीय प्रभार भी रहेगा।

### विधायक के पास भी पंहुचे थे पार्षद

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरपालिका आमला के पार्षदों ने क्षेत्रीय विधायक डॉ योगेश पण्डाग्रे से मिलकर सी.एम.ओ. नितिन बिंजवे को हटाने का आग्रह किया था जिस पर विधायक ने भी उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया था। पार्षद ममता धामोड़े ने बताया कि सी.एम.ओ. न होने के कारण आमला नगरपालिका के कार्य प्रभावित हो रहे थे।

## मामला अभी तहसील न्यायालय में है लंबित

# किसान की अनुपस्थिति में आर.आई. ने खेत में चलवाई जे.सी.बी. और चलवाया ट्रेक्टर

## किसान की अनुपस्थिति में कर दिया सीमांकन

**ब्यूरो : जितेन्द्र शर्मा**

**आमला।** ग्राम कनोजिया के एक किसान ने राजस्व निरीक्षक और पटवारी पर गंभीर आरोप लगाए है। पिडित किसान ने इन दोनो के खिलाफ एस.डी.एम. आमला को आवेदन भी दिया है और थाने में भी आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की है। किसान रामपाल कापसे ने बताया कि मेरी भूमि का विवाद तहसील कोर्ट में चल रहा है। मामला अभी लंबित है इसके बाद भी 9 अक्टूबर को राजस्व निरीक्षक और पटवारी ने मेरी अनुपस्थिति में सीमांकन कर दिया साथ ही जे.सी.बी.और ट्रेक्टर से खड़ी गन्ने की फसल नष्ट करवा दी। यह सारा कार्य दूसरे पक्ष से मिली भगत करके किया गया है। रामपाल कापसे ने बताया कि राजस्व निरीक्षक द्वारा हमे लिखित में किसी प्रकार की सूचना नही दी गई और पहले भी हमें कभी समय पर नही बताया गया। समय बताया जाता था 11 बजे और राजस्व निरीक्षक आते थे 5 बजे 9 अक्टूबर



को भी 05 :30 बजे के बाद सीमांकन का कार्य नियम विरूध्द किया गया। हमने इसकी शिकायत तहसीलदार आमला के पास भी दर्ज करवाई तो तहसीलदार ने कहा कि हमने किसी को नही भेजा था। तो फिर राजस्व निरीक्षक किसके आदेश पर कब्जा दिलवाने कनोजिया पंहुचे थे। किसान रामपाल कापसे ने राजस्व निरीक्षक पटवारी और किसान(दूसरा पक्ष) इस पुरे प्रकरण में शामिल थे उनके खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

## सुविचार

**नियम के बिना और अभिमान के साथ किया गया तप व्यर्थ ही होता है।**

**- वेदव्यास**

## संपादकीय

# बिहार की जनता को सब्जबाग दिखा रहे राजनीतिक दल

**अरुण हार्डिया**

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियों ने वादों का पिटारा खोल दिया है..जहां केन्द्र ने 5 लाख लाख युवाओं को दो साल तक 1000 प्रतिमाह देने की घोषणा की वहीं मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने हाल ही में कटिहार में रोजगार से जुड़ा एक और बड़ा वादा किया। उन्होंने घोषणा की कि अगले पांच साल में 1 करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजागर दिया जाएगा..वहीं आरजेडी तेजस्वी यादव ने 20 माह में रोजगार देने का वादा कर दिया है.. यह बात विचारणीय है क्योंकि बिहार में एक करोड़ 87 लाख बिजली कनेक्शन हैं। इसका मतलब है कि इतने ही परिवार हैं। लगभग 2 करोड़ 2 लाख कर्मचारी हैं, मुख्य सचिव से लेकर निम्न-स्तरीय सरकारी और संविदा कर्मचारियों तक। अब, एक करोड़ 65 लाख परिवार हैं जिनके लिए तेजस्वी सरकारी नौकरियों का वादा कर रहे हैं, जो असंभव लगता है। केंद्र और कई राज्य मिलकर भी 1 करोड़ 65 लाख परिवारों को सरकारी नौकरी नहीं दे सकते।

2025 के चुनाव में भी रोजगार एक बड़ा चुनावी मुद्दा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हाल ही में कटिहार में रोजगार से जुड़ा एक और बड़ा वादा किया। उन्होंने घोषणा की कि अगले पांच साल में 1 करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार दिया जाएगा। इस पर विपक्ष ने एतराज जताते हुए कहा है, मुख्यमंत्री पहले पुराने वादे को पूरा करें फिर कोई नया वादा करें।

बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले केंद्र सरकार ने बेरोजगार युवाओं पर ध्यान दिया है। प्रधानमंत्री ने राज्य के 5 लाख युवाओं को दो साल तक 1000 प्रतिमाह देने की घोषणा की। इस योजना के तहत उन्हें मुफ्त कौशल प्रशिक्षण भी मिलेगा। ये योजना बेरोजगारी भत्ता योजना 2025 के रूप में लागू की गई है। बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा के ठीक पहले राज्य के बेरोजगार नौजवानों पर केंद्र सरकार एकदम से मेहरबान हो गई। प्रधानमंत्री ने बिहार के 5 लाख बेरोजगार नौजवानों को दो साल तक एक हजार रुपए प्रतिमाह देने की घोषणा की है। इन नौजवानों को मुफ्त कौशल प्रशिक्षण भी मिलेगा। बेरोजगारी भत्ता योजना 2025 और मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता योजना को पुनर्निर्मित करने के बाद इसे नए सिरे से लागू किया गया है।

**फटाफट अंग्रेजी बोलने की ट्रेनिंग-** इस योजना से राज्य के वैसे नौजवानों को फायदा मिलेगा, जो इंटरमीडिएट या स्नातक पास होने के बाद रोजगार की तलाश कर रहे हैं। इन नौजवानों को श्रम संसाधन विभाग के जरिए संचालित कुशल युवा कार्यक्रम के तहत हिंदी-अंग्रेजी संवाद कौशल और बुनियादी कंप्यूटर ज्ञान का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन प्रशिक्षित नौजवानों को नौकरी लेने में सहूलियत होगी। इस योजना में चयनित होने वाले नौजवानों को एक हजार रुपए सीधे उनके खाते में जाएंगे। बिहार में बेरोजगारी एक बहुत बड़ी समस्या है। एक हजार रुपए की मासिक सहायता से ये दूर नहीं होने वाली। इसका मकसद है आर्थिक सहायता देकर किसी नौजवान को रोजगार के लिए योग्य बनाना। इस पैसे से वे दो साल तक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं। कोई तकनीकी प्रशिक्षण लेकर नौकरी खोज सकते हैं।

**बिहार में बेरोजगारी 6 फीसदी-** जुलाई 2021-जून 2022 के आवधिक बाल श्रम सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक बिहार में बेरोजगारी 6 फीसदी थी, जबकि बेरोजगारी की राष्ट्रीय औसत दर 4.1 फीसदी थी। बिहार में 15 से 29 साल आयु वर्ग के बीच बेरोजगारी दर 20 फीसदी से अधिक थी। जाहिर इस भयावह स्थिति के बीच बेरोजगार नौजवानों के लिए एक हजार रुपए प्रतिमाह की सहायता ऊंट के मुंह में जीरा है।

# त्योहारों का सेल्फी ड्रामा

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

> दीपावली अब दीपों की नहीं, सजावट की पोस्टों की रात है। घरों की सफ़ाई से ज़्यादा लोग कैमरे का कोण सुधारने में व्यस्त रहते हैं। माता लक्ष्मी की प्रतिमा की पूजा से पहले बूमरैंग बनता है, और पटाखों से पहले कैप्शन तय होता है — दीवाली की वाइब्स परिवार का प्यार। ऐसा लगता है मानो हर व्यक्ति का त्योहार सोशल मीडिया पर दिखना चाहिए, वरना वह अधूरा है। यह डिजिटल प्रतिस्पर्धा अब भक्ति से ज़्यादा 'लाइक' का खेल बन चुकी है। करवा चौथ जैसे व्रतों का जो भाव था — प्रेम, समर्पण और आशीर्वाद — वह अब फोटो खिंचवाने और छूट वाले ऑफ़र में बँट गया है। सेल्फ़ी विद सासू माँ, उपवास वाला चेहरा और चाँद के साथ तस्वीर जैसी प्रवृत्तियाँ अब त्योहार की नई पहचान हैं।

त्योहार हमारे समाज की आत्मा होते हैं — वह समय जब इंसान ईश्वर, प्रकृति और अपने संबंधों के प्रति आभार व्यक्त करता है। लेकिन अब हर त्योहार के साथ एक नया किरदार जुड़ गया है — मोबाइल कैमरा। जैसे ही दीपक जलता है, आरती की थाली घूमती है या राखी बंधती है, पहला सवाल यही होता है — फोटो ली क्या?। पहले पूजा पूरी होती थी, फिर प्रसाद बाँटा जाता था; अब पहले स्टोरी लगती है, फिर पूजा होती है। यह वही भारत है जहाँ कभी 'मन का उत्सव' मनाया जाता था, आज वही 'मीडिया का उत्सव' बन गया है।

दीपावली अब दीपों की नहीं, सजावट की पोस्टों की रात है। घरों की सफ़ाई से ज़्यादा लोग कैमरे का कोण सुधारने में व्यस्त रहते हैं। माता लक्ष्मी की प्रतिमा की पूजा से पहले बूमरैंग बनता है, और पटाखों से पहले कैप्शन तय होता है — दीवाली की वाइब्स परिवार का प्यार। ऐसा लगता है मानो हर व्यक्ति का त्योहार सोशल मीडिया पर दिखना चाहिए, वरना वह अधूरा है। यह डिजिटल प्रतिस्पर्धा अब भक्ति से ज़्यादा 'लाइक' का खेल बन चुकी है।

करवा चौथ जैसे व्रतों का जो भाव था — प्रेम, समर्पण और आशीर्वाद — वह अब फोटो खिंचवाने और छूट वाले ऑफ़र में बँट गया है। सेल्फ़ी विद सासू माँ, उपवास वाला चेहरा और चाँद के साथ तस्वीर जैसी प्रवृत्तियाँ अब त्योहार की नई पहचान हैं। पहले चाँद देखने का रोमांच था, अब 'क्लिक करने' का जुनून है। एक जमाना था जब महिलाएँ साड़ी पहनती थीं पूजा के भाव से; आज वही साड़ी ब्रांड को टैग करने का साधन बन गई है। त्योहार अब प्रेम का नहीं, प्रदर्शन का पर्व बन गया है। होली भी अब रंगों का नहीं, रंगीन दिखावे का खेल है। पहले जो चेहरे रंगों में डूबे होते थे, अब वे फ़िल्टर में धुल चुके हैं। लोग अब एक-दूसरे को रंग लगाने से ज़्यादा डरते हैं कि कपड़े खराब हो जाएँगे, फोटो में अच्छा नहीं लगूँगा। सेल्फ़ी विद गुलाल में रंग तो हैं, पर अपनापन नहीं। यह होली अब मन की नहीं, मेकअप की होली बन गई है।

ईद, क्रिसमस, नवरात्र — हर धर्म का उत्सव अब एक ही रंग में रंग गया है — डिजिटल दिखावे का रंग। मस्जिद या गिरजाघर के सामने मुस्कुराती तस्वीरें, थाली में सजे पकवानों के फोटो, और शीर्षक — प्यार और शांति बाँट रहे हैं। पर क्या सचमुच प्यार और शांति फैल रही है, या बस दिखावा? त्योहार अब इंसान को जोड़ने की बजाय, तुलना और प्रतिस्पर्धा का कारण बनते जा रहे हैं। उसकी लाइटिंग ज़्यादा सुंदर, उसका मंडप बड़ा, उसके पास महँगी सजावट— यह सब उस आत्मीयता को निगल गया है जो कभी परिवारों की पहचान थी।

यह सेल्फ़ी नाटक इतना गहरा हो चुका है कि अब भक्ति का भी अभिनय होता है। मंदिर में जाते ही लोग पहले फोन निकालते हैं, फिर हाथ जोड़ते हैं। आरती लाइव होती है, पर मन ऑफ़लाइन। दान सोशल मीडिया पर दिखाया जाता है, ताकि दूसरों को पता चले कि 'हम भी नेक हैं'। भक्ति निजी नहीं रही, सार्वजनिक प्रदर्शन बन गई है। आस्था अब आत्मा से नहीं, प्रसारण से चलती है।

मनोविज्ञान की दृष्टि से देखें तो यह डिजिटल आस्था एक गहरी बेचैनी का परिणाम है। इंसान अब अपने हर अनुभव का प्रमाण सोशल मीडिया से चाहता है।

उसे लगता है कि अगर कोई चीज़ कैमरे में नहीं आई तो वह हुई ही नहीं। यही कारण है कि अब त्योहारों में मुस्कान असली नहीं, अभ्यास की हुई होती है। बच्चे तक कैमरे के सामने हैप्पी दिवाली बोलना सीख चुके हैं। रिश्तों की गर्माहट अब कैमरे की ठंड में जम गई है। त्योहारों का असली अर्थ था — रुकना, साँस लेना, जुड़ना।

अब अर्थ बदल गया है — सजना, पोस्ट करना, भूल जाना।

लोगों को यह भी याद नहीं रहता कि त्योहार का मूल कारण क्या था — बस इतना याद रहता है कि किस दिन क्या पोस्ट करना है। यह 'सेल्फ़ी संस्कृति' धीरे-धीरे उस आध्यात्मिक गहराई को खा रही है जो भारतीय समाज की पहचान थी।

अब त्यौहार आत्मा का नहीं, 'छवि' का दर्पण बन गए हैं।

बाज़ार ने भी इस प्रवृत्ति को भुनाने में देर नहीं लगाई।

हर त्यौहार से पहले 'सेल्फ़ी पृष्ठभूमि', 'फोटो मंच', 'डिजिटल सजावट' और 'त्योहार संग्रह' की बाढ़ आ जाती है।

पूजा की थाली से ज़्यादा महत्त्व अब पैकेजिंग का हो गया है। त्योहार अब आध्यात्मिक नहीं, ब्रांडेड अवसर बन चुके हैं। दीपावली अब ऑनलाइन खरीदारी पर्व है, नवरात्र गरबा नाइट्स प्रायोजित कार्यक्रम है, और होली कलर ब्लास्ट आयोजन बन चुकी है। जहाँ पहले त्योहार आत्मा को शुद्ध करते थे, अब वह जेब को खाली कर देते हैं।

सोशल मीडिया पर दिखावे की इस होड़ ने समाज में एक अजीब-सी भावनात्मक दूरी पैदा कर दी है। लोगों को लगता है कि उन्होंने दूसरों की फोटो देखकर उनसे जुड़ाव बना लिया — जबकि असल में वह जुड़ाव एक भ्रम है। त्योहार जो कभी सबको साथ लाते थे, अब लोगों को अकेला कर रहे हैं। हर कोई अपने फोन में बंद है, दूसरे की मौजूदगी सिर्फ स्क्रीन पर है। परिवार की फोटो तो पूरी है, लेकिन परिवार बिखरा हुआ है।

# क्यों डोनाल्ड ट्रंप रह गए नोबेल शांति पुरस्कार से दूर ?

**महेन्द्र तिवारी**

डोनाल्ड ट्रंप का नाम 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार के संभावित दावेदारों में शामिल जरूर था, मगर अंततः यह पुरस्कार वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारियाकोरिनामचाडो के नाम हो गया। भले ही इस बार का नोबेल शांति पुरस्कार ट्रंप से छिन गया, लेकिन उनकी महत्वाकांक्षा अब भी कायम है। उनके लिए यह महज एक पुरस्कार नहीं, बल्कि अपने प्रतिद्वंद्वी ओबामा को पछाड़ने और इतिहास में अपनी जगह पक्की करने की लड़ाई है। शायद आने वाले वर्षों में यह प्रतिस्पर्धा फिर लौटे—क्योंकि ट्रंप का राजनीतिक सफर और उनका नोबेल सपना, दोनों ही कभी सुर्खियों से बाहर नहीं रहते।सवाल यह उठता है कि इतने प्रभावशाली नेता होने के बावजूद ट्रंप के हाथ यह सम्मान क्यों नहीं लगा?

नोबेल शांति पुरस्कार की प्रक्रिया सख्त और पारदर्शी है। इसे अल्फ्रेड नोबेल की 1895 की वसीयत के आधार पर स्थापित किया गया था। यह पुरस्कार हर साल उन लोगों को दिया जाता है जिन्होंने मानव जाति के लिए सबसे बड़ा फायदा पहुंचाया हो। नामांकन का अधिकार किसी भी आम व्यक्ति को नहीं होता—सिर्फ अधिकृत व्यक्ति, जैसे राष्ट्राध्यक्ष, सांसद, प्रोफेसर, न्यायाधीश या पूर्व नोबेल विजेता ही किसी को नामांकित कर सकते हैं। नामांकन की अवधि हर साल सितंबर से जनवरी के अंत तक रहती है, अक्टूबर में परिणाम घोषित होते हैं और पुरस्कार अल्फ्रेड नोबेल की पुण्यतिथि, 10 दिसंबर को प्रदान किया जाता है।

विदेश मामलों के विशेषज्ञ डॉ. राजन कुमार के मुताबिक, ट्रंप की नाकामी के पीछे चार बड़ी वजहें थीं। पहली वजह उनके शांति प्रयासों का समय और टिकाऊपन थी। नोबेल समिति उस शांति को ज्यादा महत्व देती है, जो दीर्घकालिक हो और समय की कसौटी पर खरी उतरे। ट्रंप के हालिया प्रयास, जैसे गाजा में युद्धविराम और यूक्रेन सम्मेलन, सितंबर 2025 में हुए—जबकि नोबेल पुरस्कार के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 31 जनवरी थी। यानी उनके कदम देर से उठे। समिति तब तक तय कर चुकी थी कि उस वर्ष का नोबेल किस दिशा में जाएगा। उनके समझौते अगर पहले हुए होते और उनके स्थायित्व का प्रमाण मिलता, तो शायद स्थिति कुछ अलग होती।

दूसरी वजह थी ट्रंप की वैश्विक बहुपक्षीय संस्थाओं से दूरी। नोबेल शांति पुरस्कार का मूल उद्देश्य राष्ट्रों के बीच भाईचारे को बढ़ावा देना है, जो सहयोग और सामूहिक प्रयास से ही संभव है। लेकिन ट्रंप ने अपने राष्ट्रपति कार्यकाल में कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से टकराव लिया। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन की फंडिंग रोक दी, पेरिस जलवायु समझौते से अमेरिका को बाहर निकाला और [illegible] देशों पर रक्षा खर्च को लेकर दबाव बनाया। इन कदमों से अमेरिका की वैश्विक छवि को नुकसान पहुंचा और यह धारणा बनी कि ट्रंप शांति से अधिक सत्ता और प्रभुत्व की राजनीति में रुचि रखते हैं।

तीसरी वजह थी उनका जलवायु परिवर्तन के प्रति रुख। आज के दौर में नोबेल समिति जलवायु परिवर्तन को वैश्विक शांति का दीर्घकालिक खतरा मानती है। बढ़ते तापमान, सूखे और विस्थापन जैसी समस्याएं अंततः संघर्षों को जन्म देती हैं। ऐसे में किसी भी नेता का जलवायु के प्रति दृष्टिकोण उसकी शांति की योग्यता को प्रभावित करता है। ट्रंप ने खुलेआम कहा था कि क्लाइमेटचेंज एक धोखा है और उन्होंने अमेरिका को पेरिस जलवायु समझौते से बाहर निकाल लिया था। यह कदम नोबेल समिति की दृष्टि में उन्हें 'अयोग्य' साबित करने के लिए काफी था।

चौथी और शायद सबसे निर्णायक वजह थी नोबेल समिति की स्वतंत्रता और उस पर ट्रंप का दबाव बनाने का प्रयास। नोबेल समिति सदैव राजनीतिक दबाव से दूर रहना चाहती है। लेकिन ट्रंप ने कथित रूप से इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू और पाकिस्तान सरकार से अपने नामांकन के लिए सिफारिश करवाई, और यहाँ तक कि नॉर्वे के वित्त मंत्री को फोन कर खुद के लिए नोबेल की सिफारिश की बात कही। इन सबने समिति पर गलत असर डाला। उनके इस व्यवहार ने यह संदेश दिया कि ट्रंप शांति पुरस्कार को एक राजनीतिक ट्रॉफी के रूप में देख रहे हैं, न कि एक नैतिक मान्यता के रूप में।

इस वर्ष नोबेल के लिए कई अन्य नाम भी चर्चा में थे। उनमें एलनमस्क का नाम था, जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के पैरोकार माने जाते हैं। जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटाथनबर्ग, जो पर्यावरणीय संतुलन को शांति से जोड़ती हैं, भी मजबूत उम्मीदवार थीं। रूस में मानवाधिकारों की रक्षा करने वाली यूलियानवलनया, सूडान में मानवीय सहायता देने वाले इमरजेंसी रिस्पॉन्स रूम्स, पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाली संस्था 'कमेटी टूप्रोटेक्टजर्नलिस्ट्स', दक्षिण एशिया में मध्यस्थता करने वाले अनवर इब्राहिम और गरीबों व पर्यावरण के लिए काम करने वाले पोपफ्रांसिस—इन सबका योगदान गहरा और स्थायी था। इन सबके बीच ट्रंप के प्रयास अस्थायी और आत्मकेंद्रित लगे।

लेकिन सवाल यह भी है कि ट्रंप को इस पुरस्कार को पाने की इतनी बेताबी क्यों थी? डॉ. राजन कुमार बताते हैं कि इसकी दो प्रमुख वजहें थीं। पहली, वे खुद को उन अमेरिकी राष्ट्रपतियों की कतार में देखना चाहते थे जिन्हें पहले यह सम्मान मिल चुका है—वुडरोविल्सन, थियोडोररूजवेल्ट, जिमीकार्टर और बराकओबामा। खासतौर पर ओबामा का नोबेल ट्रंप को हमेशा खटकता रहा है। वे इसे अयोग्य पुरस्कार कहते रहे हैं और किसी भी कीमत पर उनसे आगे निकलना चाहते हैं।

## सेहत

# मेथी है सेहत का खजाना..



मेथी के स्वास्थ्य लाभों में पाचन में सुधार, ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करना, और वजन घटाने में मदद करना शामिल है। यह हड्डियों को मजबूत बनाने, जोड़ों के दर्द को कम करने और मासिक धर्म की ऐंठन से राहत दिलाने में भी सहायक है। इसके अतिरिक्त, यह पुरुषों में टेस्टोस्टेरोन के स्तर को बढ़ाने में मदद कर सकता है और स्तनपान कराने वाली महिलाओं में दूध उत्पादन में सुधार कर सकता है।

### पाचन और वजन

पाचन को बढ़ावा- मेथी में मौजूद फाइबर कब्ज और अपच जैसी समस्याओं को कम करने में मदद करता है।

वजन घटाना- इसमें मौजूद फाइबर भूख को नियंत्रित करके वजन घटाने में सहायता कर सकता है।

आंत स्वास्थ्य- यह स्वस्थ मल त्याग को बढ़ावा देता है और पेट के स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है।

### ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल

ब्लड शुगर को नियंत्रित करना- मेथी का सेवन रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है, जो मधुमेह रोगियों के लिए फायदेमंद है।

कोलेस्ट्रॉल कम करना- यह खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है।

### हृदय और हड्डियां

**हृदय स्वास्थ्य-** मेथी में एंटीऑक्सिडेंट होते हैं जो हृदय स्वास्थ्य को सुधारने में मदद कर सकते हैं।

**हड्डियों की मजबूती-** इसमें आयरन, फॉस्फोरस और कैल्शियम की अच्छी मात्रा होती है, जो हड्डियों को मजबूत बनाते हैं।

**जोड़ों का दर्द** -मेथी के एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण जोड़ों की सूजन और दर्द को कम करने में मदद कर सकते हैं।

### अन्य स्वास्थ्य लाभ

**मासिक धर्म में राहत-** यह मासिक धर्म के दौरान होने वाले ऐंठन और दर्द को कम करने में सहायक है।

**पुरुषों के यौन स्वास्थ्य में सुधार-** मेथी टेस्टोस्टेरोन के स्तर को बढ़ाकर और यौन स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद कर सकती है।

**स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए-** यह स्तनपान कराने वाली महिलाओं में दूध के उत्पादन को बढ़ा सकती है।

बालों के लिए मेथी के बीज बालों को मजबूत बनाने और झड़ने की समस्या को कम करने में मदद कर सकते हैं।

# शिक्षा,भाषा और संस्कृति देश की समृद्धि का पैमाना

**संजीव ठाकुर**

शिक्षा सदैव समाज, संस्कृति और सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील और प्रगतिशील रही है। यह न केवल व्यक्तिगत उन्नति का माध्यम है, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला भी है। शिक्षा, ज्ञान, कला, साहित्य और संस्कृति को देश-विदेश की सीमाओं में बाँधना संभव नहीं है। यह असीमित भंडार है, जिसमें आकाशीय ऊँचाइयाँ भी शामिल हैं। न केवल इसकी गहराई को नापा जा सकता है, न ही इसकी ऊँचाई को देखा जा सकता है। शिक्षा और ज्ञान की यह विशालता मानव जीवन में अनंत संभावनाओं के द्वार खोलती है। पूर्वी सभ्यता, विशेषकर भारतीय परंपरा, जहाँ अध्यात्म, वेद, पुराण और योग पर आधारित है, वहाँ पश्चिमी सभ्यता विज्ञान, तकनीकी नवाचार और अनछुई रहस्यमय खोजों पर आधारित है। इन दोनों सभ्यताओं ने अपने-अपने क्षेत्र में मानव जीवन को बदलने वाले अनमोल योगदान दिए हैं। उदाहरण स्वरूप, पश्चिमी विज्ञान ने मानव को चंद्रमा पर पहुँचने का अवसर दिया और आधुनिक तकनीक जैसे हवाई जहाज, इंजन, रेडियो और डिजिटल तकनीक से जीवन को सरल और उन्नत बनाया। वहीं, भारतीय ज्ञान और दर्शन ने योग, आयुर्वेद, ध्यान और जीवन मूल्यों के माध्यम से मानव जीवन में शांति, संतुलन और आत्मसाक्षात्कार की दिशा प्रदान की। इस प्रकार शिक्षा, भाषा और ज्ञान ने पूर्व और पश्चिम के बीच समन्वय स्थापित किया।

## आज की महत्वपूर्ण घटनाएं

1398 लिथुआनिया के ग्रैंड ड्यूक वियातुतास द ग्रेट और ट्युटोनिक नाइट्स के ग्रैंड मास्टर कोनराड वॉन जुंगिंगन ने समोगाइटिया को नाइट्स को सौंपने का तीसरा प्रयास, सालिनास की संधि पर हस्ताक्षर किए।

1492 यह मानते हुए कि वह ईस्ट इंडीज तक पहुंच गया था, क्रिस्टोफर कोलंबस ने कैरिबियन के एक द्वीप पर लैंडफॉल बनाया, जिससे अमेरिका के यूरोपीय उपनिवेशीकरण की वजह से घटना की एक श्रृंखला शुरू हो गई।

1711 कैरेल छठी हैब्सबर्ग रोमन कैथोलिक सम्राट का ताज पहनाया गया।

1730 ईसाई [illegible] ने डेनमार्क के राजा के रूप में फ्रेडरिक [illegible] को सफल किया।

1776 ब्रिटिश ब्रिगेड ने ब्रॉन्क्स में थोरग नेकस रोड की सुरक्षा करना शुरू कर दिया।

1792 न्यू वर्ल्ड में आने के 300 साल बाद न्यू यॉर्क सिटी में संयुक्त राज्य में पहला कोलंबस दिवस समारोह आयोजित किया गया।

1792 अमेरिका की खोज करने वाले क्रिस्टोफर कोलम्बस को मेरीलैंड के बाल्टीमोर में पहला स्मारक समर्पित किया गया।

1798 फ्रांस के कब्जे वाले बोएरेनक्रिज के खिलाफ फ्लेमिश विद्रोह आरम्भ हुआ।

1799 जब वह एक गर्म हवा के गुब्बारे से 900 मीटर (3,000 फीट) नीचे उतरा, तो जेने जेनेविव लेब्रासे अप्पेरूट जंप (कलाकृति चित्रित) बनाने वाली पहली महिला बनी।


1799 जैनने गेनेविएवे लबरोस्से 900 मीटर की ऊंचाई से एक पैराशूट के साथ एक गुब्बारा से कूदने वाली पहली महिला बनी।

1815 नेपल्स के पूर्व राजा जोआचिम मूरत को मृत्यु की सजा सुनाई।


1822 ब्राजील के पेड्रो-[illegible] को ब्राजील का संवैधानिक सम्राट घोषित किया गया।

1847 एक जर्मन आविष्कारक वर्नर वॉन सीमेंस ने सीमेंस एंड हैल्स्के की स्थापना की, जो बाद में सीमेंस एजी बन गया, जो यूरोप की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग कंपनी थी।

## राशिफल



**मेष राशि-** आज आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। प्रेम व सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे। जमीन जायदाद से जुड़ा कोई मामला दूर होगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने व्यवहार में बदलाव लाना होगा, नहीं तो साथी से उनकी खटपट चलती रहेगी। आपकी प्रमोशन आदि मिलने की संभावना है।



**वृष राशि:** आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। मित्रों के साथ आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं। जीवनसाथी को कामों में कुछ मुश्किल आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपको अपने खर्चों को काबू में करना होगा, तभी आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।



**मिथुन राशि-** आज का दिन आपके लिए बहुत ही सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आप बिजनेस में फायदे को लेकर ज्यादा धन जुटा पाएंगे। घूमने फिरने के दौरान आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी। आपको कोई फैसला बहुत ही समझदारी से लेना होगा। आज आपका मन इधर-उधर के कामों में लगेगा।



**कर्क राशि-** आज का दिन आपके लिए मेहनत और लगन से काम करने के लिए रहेगा। आपको अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी, क्योंकि वह आपको कोई नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं। आपको वाणी और व्यवहार पर थोड़ा संयम रखना होगा।




**सिंह राशि-** आज आप अपने रुके हुए कामों को करने में तेजी लाएंगे, जिस कारण आप काफी व्यस्त रहेंगे। जीवनसाथी की भावनाओं का आपको सम्मान करना होगा। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। आपकी किसी से खटपट होने की संभावना है।




**कन्या राशि-** आज आपकी कला और कौशल में सुधार आएगा। भविष्य को लेकर आप कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट करने की सोचेंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। संतान से आपकी किसी बात को लेकर बहसबाजी हो सकती हैं। आप उनके मन में चल रही उलझनों को जानने की कोशिश करेंगे।




**तुला राशि:** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको पिछले चली आ रही समस्याओं से काफी हद तक राहत मिलेगी, जिसमें आप लापरवाही बिल्कुल ना करें। विद्यार्थियों की कुछ नया करने की इच्छा जागृति हो सकती है। आपको घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।




**वृश्चिक राशि:** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आप कार्यक्षेत्र में अपनी योजनाओं में कुछ बदलाव कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे। पार्टनरशिप में आप थोड़ा सोच समझकर करें और ऑफिस में आपको कोई जिम्मेदारी भरा काम मिल सकता है।



**धनु राशि:** आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में बढ़िया रहने वाला है। आपके किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने के योग बनते दिख रहे हैं। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। आपको किसी को बिना मांगे सलाह देने से बचना होगा।



**मकर राशि:** आज आपको अपने आसपास रह रहे शत्रुओं पर पूरी निगरानी बनाकर रखे। कार्यक्षेत्र में आपको मनपसंद काम मिल सकता है और आप अपने किसी मित्र की मदद के लिए भी आगे आएंगे। किसी सरकारी मामले को लेकर आप लापरवाही ना दिखाएं। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है।



**कुंभ राशि:**आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपकी मेहनत अधिक होगी और आपके कुछ मित्रों भी साथ देंगे, जिससे आपको एक नई पहचान मिलेगी। आप किसी दूसरे से वाद-विवाद में ना पड़ें। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।



**मीन राशि:** आज का दिन आपके लिए किसी नए व्यवसाय को शुरू करने के लिए अच्छा रहेगा। भाई-बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। परिवार में भी आज माहौल खुशनुमा रहेगा, क्योंकि सभी सदस्यों में एकजुटता बनी रहेगी। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा।

## ज्ञानवाणी

### समझदार सैनिक....

एक जनरल साहब बार्डर पर तैनात सैनिक टुकड़ी का मुआयना कर रहे थे कि बार्डर के पार से रायफल की एक गोली चली और सनसनाती हुई उन के सिर के ऊपर से गुजरी । बौखला कर वो फौरन खाई में कूद गये और वहां मौजूद टुकड़ी के इंचार्ज से बोले - इस निशानेबाज का पता लगाओ ये कहां छुपा हुआ है?

सर - इंचार्ज अदब से बोला- 'हमें मालूम है वो कहां छुपा हुआ है ?

तो फिर तुम उस को शूट कर के खत्म क्यों नहीं करते ?

सर, ये निशानेबाज पिछले दो महीने से उस सामने टीले के पीछे से हम पर गोलियां चला रहा है, लेकिन आज तक उसका एक भी निशाना ठीक नहीं बैठा है।

»न्यूज ब्रीफ

## सरकार का समय पर मिला सहारा



**मंदसौर।** इस वर्ष सोयाबीन फसल के खराब होने से किसान गहरी चिंता में थे। लंबे इंतजार के बाद जब मुआवजा राशि मिलने लगी, तो किसानों के चेहरों पर फिर से उम्मीद की चमक लौट आई। ग्राम नयाखेड़ा के किसान राधेश्याम गुर्जर बताते हैं कि उनकी 9 बीघा जमीन पर फसल पूरी तरह से खराब हो गई थी। सरकार द्वारा मुआवजा राशि मिलने से उन्हें बहुत राहत मिली है। वे कहते हैं। फसल बर्बाद होने के बाद हम बहुत परेशान थे, लेकिन सरकार ने हमारी बात समझी और समय पर मदद की। अब बीज और खाद की व्यवस्था कर अगली फसल की तैयारी कर सकेंगे। इसी तरह ग्राम सिंदपन के किसान लालूराम झावा को भी 10 बीघा भूमि पर मुआवजा मिला है। उन्होंने कहा 卐यह सहायता हमारे लिए मुश्किल समय में संबल बनी। सरकार ने किसानों की चिंता को दूर किया है। दोनों किसानों का कहना है कि यह मुआवजा केवल आर्थिक राहत ही नहीं, बल्कि एक भरोसा है कि सरकार किसानों के साथ है।

## अवैध खनिज परिवहन के सात प्रकरणों में निराकरण

**नीमच।** कलेक्टर हिमाशु चंद्रा द्वारा अवैध खनिज परिवहन के सात प्रकरणों में अनावेदकों पर कुल 23 लाख 25 हजार 275 रूपये की शास्ति अधिआरोपित की गई है। कलेक्टर ने मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत अनावेदक वाहन मालिक अशोक कुमार पिता कन्हैयालाल धाकड़ निवासी मण्डश्वरी तहसील बेगु जिला चित्तौडगढ़ के पास रेत परिवहन के लिए रायल्टी पास नहीं पाये जाने पर खनिज की रायल्टी का 15 गुना अर्थशास्ति राशि 48875 रूपए एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति 4 लाख रूपये, इस प्रकार वाहन चालक, मालिक पर कुल 4 लाख 46 हजार 875 रूपए की शास्ति अधिरोपित की गई हैं। खनि अधिकारी को निर्देशित किया है, कि अधिरोपित जुर्माने की शासकीय कोष में जमा होने पर जप्त शुदा वाहन डम्पर को मुक्त करने के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही की जाए। खनिज सर्वेयर द्वारा एक अक्टूबर को रतनगढ़ में आकस्मिक भ्रमण के दौरान रैत से भरा वाहन जप्त किया गया था।


## खनिज परिवहन के प्रकरणों में अधिक की शास्ति आरोपित

**नीमच।** कलेक्टर चंद्रा द्वारा अवैध खनिज परिवहन के 6 अन्य प्रकरणों में पारित आदेशानुसार अनावेदक अशोक कुमार पिता सत्यनारायण वैष्णव निवासी होड़ा माण्डलगढ़ राजस्थान द्वारा बगैर रायल्टी पास के रैत खनिज परिवहन करने पर रायल्टी के 15 गुना 65625 रूपये एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति 4 लाख रूपये कुल 4 लाख 65 हजार 625 रूपये की शास्ति अधिरोपित की गई हैं। अनावेदक झोपडिया माण्डलगढ़ निवासी जगदीश गुर्जर पर बगैर रायल्टी के रैत परिवहन करने पर 65625रायल्टी की 15 गुना अर्थशास्त्रि एक 4 लाख रूपए पर्यावरण क्षतिपूर्ति कुल 465,625 रूपये की शास्ति आरोपित की गई है । अनावेदक माण्डलगढ़ रोड़ सिगोली निवासी शिवकुमार पिता रामस्वरूप पर बगैर रायल्टी के खनिज परिवहन करने पर रायल्टी का 15 गुना अर्थशास्ति 46875 रूपये एवं 4 लाख रूपये पर्यावरण क्षतिपूर्ति, कुल 4,46,875 रूपये की शास्ति आरोपित की है। परपड़िया जावद निवासी भूरालाल पिता हुकमा गुर्जर पर बगेर रायल्टी पास के खनिज रेत परिवहन करने पर रायल्टी का 15 गुना 46,875 रूपये एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति चार लाख रूपये कुल 4 लाख 46 हजार 875 रूपये की शास्ति अधिआरोपित की गई है। इसके अलावा अनावेदक चिरमीखेड़ा जावद निवासी राजू पिता कन्हैयालाल गुर्जर पर बगैर रायल्टी के पास गिट्टी के परिवहन करने पर रायल्टी का 15 गुना 5400 रूपये एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति 48 हजार रूपये कुल रूपये 53 हजार 400 रूपये की शास्ति आरोपित की गई है ।

### शहादत को आखिरी सलाम...

# पंचतत्व में विलीन हुए शहीद संजय मीणा 10 साल के बेटे ने दी मुखाग्नि

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल देवास।**





जिले के संवरसी निवासी नायक संजय मीणा अरुणाचल प्रदेश में देश की सेवा करते हुए शहीद हो गए। शनिवार को उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव संवरसी पहुंचा, जहां राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनके बेटे ने उन्हें मुखाग्नि दी।

सीएम मोहन यादव ने शहीद जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की। वे अरुणाचल प्रदेश में ड्यूटी के दौरान आए भूस्खलन की चपेट में आने से शहीद हो गए. शनिवार को गांव में शहीद संजय मीणा को राजकीय सम्मान और गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम विदाई दी गई. इस दौरान पूरा गांव शोक में डूबा था, लेकिन हर आंख में गर्व भी साफ झलक रहा था। संजय मीणा को उनके पैतृक गांव संवरसी में अंतिम संस्कार के लिए शनिवार को लाया गया. जिन गलियों में वो बचपन में खेलते-कूदते बड़े हुए, उन्हीं गलियों से अब उनकी अंतिम यात्रा निकली। इस दौरान पूरा गांव में लोगों ने फूलों की वर्षा कर अपने लाल को श्रद्धांजलि दी। संजय मीणा अमर रहे और भारत माता की जय के नारों से पूरा माहौल गूंज उठा।

जानकारी के अनुसार, संजय मीणा अपनी यूनिट के साथ अरुणाचल प्रदेश में मिलिट्री ट्रेनिंग पर गए थे। गश्त के दौरान अचानक भूस्खलन हुआ, जिसमें वे गहरी घाटी में दब गए। सेना के जवानों ने लगातार तीन दिन तक अथक प्रयास किया और उन्हें बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें हरियाणा के अंबाला यूनिट में लाया गया, लेकिन डॉक्टरों की कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका।

शुक्रवार को उनका पार्थिव शरीर दिल्ली लाया गया और शनिवार सुबह इंदौर एयरपोर्ट से सेना के वाहन द्वारा संवरसी गांव पहुंचाया गया। पूरे रास्ते लोग फूल बरसाते रहे और देशभक्ति के गीतों से माहौल गूंजता रहा. गांव पहुंचते ही परिवार का रो-रोकर बुरा हाल था। दोपहर करीब 12 बजे सेना के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें अंतिम सलामी दी. उसके बाद 10 वर्षीय पुत्र युवराज मीणा ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। यह क्षण पूरे गांव के लिए बेहद भावुक था। अंतिम संस्कार के दौरान सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर ने घोषणा की कि गांव में शहीद संजय मीणा की स्मृति में स्मारक और द्वार बनाया जाएगा।

साथ ही गांव के हायर सेकेंडरी स्कूल का नाम भी उनके नाम पर रखा जाएगा। संजय मीणा के सैनिक साथियों ने उन्हें अनुशासित, ईमानदार और देशभक्त बताया। उनके दोस्त अमर चौधरी ने कहा कि संजय हमेशा अपने कर्तव्य को सर्वोपरि मानते थे। वो हर मुश्किल परिस्थिति में भी मुस्कुराते रहते थे और साथियों को प्रेरित करते थे कि देश सेवा से बड़ा धर्म कोई नहीं। शहीद के बड़े भाई रिटायर फौजी राम प्रसाद मीणा ने कहा कि संजय अब हमारे बीच नहीं हैं, पर उनकी बहादुरी हमेशा हमारे दिलों में जिंदा रहेगी।

## शिक्षा के मंदिर में एक सप्ताह से अंधेरा

### बच्चों की पढ़ाई पर संकट, जिम्मेदारों की चुप्पी पर सवाल

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल देवास।**

ज्ञान के मंदिर कहे जाने वाले विद्यालय में पिछले एक सप्ताह से अंधेरा छाया हुआ है। शासकीय माध्यमिक शाला, जवाहर नगर देवास में पिछले 7 दिनों से विद्युत प्रदाय बंद है। इस कारण सैकड़ों छात्र-छात्राओं की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रेम नगर पार्ट 2 निवासी गोपाल अग्रवाल ने बताया कि आज के डिजिटल युग में विद्युत विभाग ने स्मार्ट मीटर लगाए जाने की प्रक्रिया लंबित होने के कारण कनेक्शन काट दिया है। लेकिन बच्चों की शिक्षा के अधिकार के प्रति इस तरह की उदासीनता को लेकर अभिभावक और स्थानीय नागरिकों में गहरा रोष है। अग्रवाल ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाते हुए मध्यप्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री एवं देवास जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा को ज्ञापन मेल करके अवगत कराया है। उन्होंने बताया कि जहां शिक्षा के मंदिर में अंधेरा छा जाए, वहां समाज के उज्ज्वल भविष्य की कल्पना अधूरी रह जाती है। यह केवल बिजली का नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के मौलिक अधिकारों के हनन का मामला है। गोपाल अग्रवाल ने मध्यप्रदेश विद्युत मंडल (पश्चिम क्षेत्र) की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि, छात्रों की शिक्षा बाधित होने के बावजूद विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

## 86 गांवों के सैकड़ों स्वयंसेवक होंगे शामिल

**देवास।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा देवास जिले के 10 मंडलों में रविवार को पथ संचलन किया जाएगा। पथ संचलन में 86 गांवों के सैकड़ों स्वयंसेवक शामिल होंगे। विजयादशमी के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पारंपरिक रूप से पथ संचलन करता है। इस वर्ष संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे हो गए हैं, जिसके उपलक्ष्य में देवास जिले के प्रत्येक मंडल में स्वयंसेवकों द्वारा संचलन आयोजित किए जा रहे हैं। रविवार को जामली, फावड़ा, तालोद, बुधासा, पाडलिया, खरेली, सिया, पटाडी, सिरोल्या और जामगोद मंडलों में पथ संचलन होंगे। स्वयंसेवक घोष की धुन पर गांवों के प्रमुख मार्गों से गुजरेंगे। इन संचलनों की तैयारी के लिए स्वयंसेवक घर-घर संपर्क कर लोगों को इसमें शामिल होने का आग्रह कर रहे हैं। हाटपीपल्या नगर में बाल स्वयंसेवकों द्वारा एक विशेष बाल पथ संचलन निकाला जाएगा। यह संचलन उत्कृष्ट विद्यालय से शुरू होकर गीत भवन रोड, और बजरंग चौराहा होते हुए नेवरी बागली मार्ग से उत्कृष्ट विद्यालय पर समाप्त होगा।

## मित्र मंडल का पारिवारिक स्नेह सम्मेलन 12 को

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल देवास।**

मां विंध्यवासिनी मित्र मंडल, देवास द्वारा पारिवारिक स्नेह सम्मेलन एवं सामूहिक भोज का भव्य आयोजन 12 अक्टूबर 2025, रविवार को किया जा रहा है। महामंत्री अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम शाम 4 बजे से भगत श्री गार्डन में संपन्न होगा। इस अवसर पर विंध्य क्षेत्र, देवास में निवासरत लगभग 300 परिवारों की सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम में विंध्य क्षेत्र की संस्कृति से जुड़े रंगारंग प्रस्तुतियाँ, मित्र मंडल के प्रतिभावान विद्यार्थियों, वरिष्ठ नागरिकों, तथा संस्कृति और समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा। मां विंध्यवासिनी मित्र मंडल ने सभी सदस्यों एवं देवास वासियों से समय पर उपस्थित होकर इस स्नेह मिलन समारोह को सफल एवं भव्य बनाने की अपील की है। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में आपसी एकता, सांस्कृतिक जुड़ाव और पारिवारिक सौहार्द को सुदृढ़ करना है।

## पल्स पोलियो जागरूकता रैली आयोजित



**राष्ट्रीय हिन्दी मेल नीमच।**

जिले में 12 से 14 अक्टूबर 2025 तक पल्स पोलियो अभियान का आयोजन किया जा रहा हैं। अभियान के सफल आयोजन तथा उसमें आमजन की सहभागिता के लिए जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

रैली को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आरके खद्योत, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.मनीष यादव, डॉ.प्रवीण पांचाल, डीसीएम चंद्रपाल सिंह राठौड़ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली जिला चिकित्सालय से प्रारंभ होकर फ्रूट मार्केट होते हुए विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए पुन:जिला चिकित्सालय में समाप्त हुई। इस अवसर पर आशा कार्यकर्ता एवं नर्सिंग महाविद्यालय की छात्रा-छात्र पल्स पोलियो से संबंधित नारे लगाते हुए लोगों को जागरुक कर रहे थे।

इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.मनीष यादव ने बताया, कि पल्स पोलियो अभियान के प्रथम दिवस रविवार को 5 साल तक के बच्चों को पोलियो बूथ पर दवाई पिलाई जाएगी तथा जो बच्चें छूट जाएंगे उनको सोमवार और मंगलवार को घर-घर जाकर दवाई पिलाई जाएगी।

अभियान का शुभारंभ रविवार को प्रात:9 बजे जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में ट्रॉमा सेंटर से किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा में स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आरके खद्योत ने समस्त माता-पिता से उक्त अभियान के तहत बच्चों को पल्स पोलियो की दवाई पिलाने का आह्वान किया है।

## नवमनोनीत पदाधिकारियों का सम्मान समारोह संपन्न



**राष्ट्रीय हिन्दी मेल देवास।**

देवास सर्व सामाजिक विकास संस्था द्वारा आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में करणी सेवा उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौड़ एवं जिला अध्यक्ष तूफान सिंह बांगर के मनोनयन पर हर्षोल्लास के साथ सम्मान किया गया।

यह कार्यक्रम संस्था के सचिव हुकुम सिंह पवार के निवास पर आयोजित किया गया, जहां नवमनोनीत पदाधिकारियों का पारंपरिक साफा बांधकर, पुष्पमाला एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर संस्था के सभी सफाई कर्मियों एवं मातृ शक्तियों ने साफा एवं मेडल पहनकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में वार्ड के दरोगाओं का भी अभिनंदन किया गया। संस्था सचिव हुकुम सिंह पवार ने सभी अतिथियों एवं सफाई कर्मियों को सम्मानित किया, जबकि संस्था सुरक्षा प्रभारी किशन दुबे ने अतिथियों एवं कर्मियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इसके साथ ही संस्था सुरक्षा प्रभारी भगवत सिंह कुशवाहा ने अतिथियों को भागम वस्त्र भेंट किए, एवं संस्था के प्रतीक चिन्ह का वितरण पदाधिकारी जय नारायण जायसवाल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का समापन लखन सिंह राठौड़ मकोडिया द्वारा आभार व्यक्त करते हुए और शुभकामनाएं भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने संस्था के समाजसेवी कार्यों की सराहना की और सामाजिक एकता एवं सहयोग की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया।

### करवाचौथ पर सुहागिनों ने रखा व्रत

## पति की लंबी आयु के लिए चंद्रमा को अर्घ्य देकर की पूजा

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल देवास।**



सुहागिन महिलाओं ने करवाचौथ का व्रत रखा। उन्होंने अपने पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए रात में चंद्रमा को अर्घ्य दिया और पति की आरती उतारी। व्रती महिलाओं ने दिनभर निराहार रहकर शाम के समय भगवान शिवशंकर, माता पार्वती, कार्तिकेय और भगवान गणेश का पूजन किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धापूर्वक करवा चौथ कथा भी सुनी। चंद्रोदय के बाद महिलाओं ने चांद की पूजा-अर्चना कर अपने पतियों की दीर्घायु की प्रार्थना की।

इस व्रत को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया। कई महिलाएं सुबह से ही ब्यूटी पार्लरों पर सजने-संवरने पहुंचीं। तरानी कॉलोनी स्थित सार्वजनिक सिद्धेश्वरी माता मंदिर में आसपास की महिलाओं ने एक साथ एकत्रित होकर सामूहिक व्रत पूजन किया। बाजारों में भी दिनभर चहल-पहल रही, जहां कपड़े, गिफ्ट आइटम और सराफा दुकानों पर भीड़ नजर आई। इसके अतिरिक्त, पंजाबी महिलाओं ने भी प्रतिवर्षानुसार एक साथ पूजा-अर्चना कर पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखा और चंद्रोदय की पूजा की। महिलाओं ने बताया कि यह त्यौहार उनके लिए सबसे अहम है, जो पति की लंबी आयु के लिए किया जाता है।

### सभी समितियां के संयोजक एवं सदस्यों को स्मृति चिन्ह अतिथियों द्वारा प्रदान किए गए

# 69 राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता, उज्जैन संभाग बना ओवरऑल चौंपियन

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल देवास।**



हमेशा सकारात्मक सोच रखें। निरंतर प्रयास करें। सफलता अवश्य मिलेगी। यह विचार 69 वी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण एवं समापन अवसर पर तुकोजीराव स्टेडियम में महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल ने प्रकट किए। कार्यक्रम के अतिथि सभापति रवि जैन , देवास विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा जिला महामंत्री राजेश यादव थे। अतिथियों का स्वागत जिला शिक्षा अधिकारी हरिसिंह भारतीय, विश्वामित्र अवार्डी सुदेश सांगते, मनीष जायसवाल, हेमेन्द्र निगम काकू, महेश सोनी, भारती नेक्या, विपुल चौहान आदि ने किया। राजेश यादव ने कहा कि अच्छा खिलाड़ी हमेशा परिस्थितियों से सीखता है। रवि जैन ने कहा कि अनुशासन एवं मेहनत से सफलता जरूर मिलती है। स्वागत भाषण सहायक संचालक एस एन प्रजापति ने दिया। प्रतियोगिता संयोजक विश्वामित्र अवॉर्डी सुदेश सांगते ने बताया कि पूरी स्पर्धा में नेटबॉल, ताइक्वांडो, एवं सॉफ्ट टेनिस मेंउज्जैन संभाग का वर्चस्व रहा। अंको के आधार पर उज्जैन संभाग कोओवरऑल चौंपियनशिप को प्रदान की गई।

**स्पर्धा के अंतिम परिणाम इस प्रकार रहे**

नेटबॉल में 17 वर्ष बालक वर्ग में उज्जैन संभाग विजेता , उपविजेता भोपाल संभाग रहा। इसी प्रकार 17 वर्ष बालिका वर्ग में उज्जैन संभाग विजेता एवं रीवा संभाग उप विजेता रहा। बालक 14 वर्ष समूह में उज्जैन संभाग प्रथम एवं इंदौर संभाग द्वितीय रहा। बालिका 14 वर्ष समूह में भोपाल संभाग प्रथम इंदौर संभाग द्वितीय रहा। 17 वर्ष बालक वर्ग में उज्जैन संभाग प्रथम इंदौर संभाग द्वितीय रहा। 17 वर्ष बालिका वर्ग में उज्जैन संभाग प्रथम इंदौर संभाग द्वितीय रहा। इसी प्रकार 19 वर्ष बालक वर्ग में उज्जैन संभाग प्रथम एवं इंदौर संभाग द्वितीय रहा तथा बालिका 19 वर्ष में जनजाति विभाग प्रथम एवं इंदौर संभाग द्वितीय रहा। ताइक्वांडो के अंतिम परिणाम इस प्रकार रहे 19 वर्ष से कम बालक वर्ग में भोपाल संभाग प्रथम, इंदौर संभाग द्वितीय रहा। इसी प्रकार 19 वर्ष से कम बालिका वर्ग में भोपाल संभाग प्रथम एवं सागर संभाग द्वितीय रहा। अतिथियों को स्मृति चिन्ह आयोजन समिति द्वारा प्रदान किए।

राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए बनाई गई सभी समितियां के संयोजक एवं सदस्यों को स्मृति चिन्ह अतिथियों द्वारा प्रदान किए गए एवं विजेता उपविजेता व तृतीय स्थान प्राप्त टीमों को आकर्षक ट्रॉफी एवं स्वर्ण,रजत कांस्य पदक अतिथियों द्वारा प्रदत्त किये गए। संचालन अरविंद त्रिवेदी ने किया तथा आभार विश्व मित्र अवॉर्डी सुदेश सांगते ने माना।

## नगरीय निकाय एवं त्रि : स्तरीय पंचायतो की मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य शुरू

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल आगर मालवा।**

मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले की सभी नगरीय निकायों एवं त्रि स्तरीय ग्राम पंचायतो में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के साथ 8 अक्टूबर से शुरू हो गया है। जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है वे बीएलओ को निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर नाम जुड़वाए। यह बात सीईओ जिला पंचायत नंदा भलावे कुशरे द्वारा शनिवार को जिला स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में कही। उन्होंने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन के लिए मतदान केंद्रों पर दावा आपत्ति 17 अक्टूबर तक प्राप्त की जाएगी। प्राप्त दावा आपत्ति के निराकरण की अंतिम तिथि 27 अक्टूबर है। 13 नवम्बर को मतदाता सूचियों का अंतिम रूप से प्रकाशन किया जाएगा। मतदाता सूचियां में नाम जोड़ने के साथ ही नाम हटाने, संशोधन के लिए भी दावे आपत्ति प्राप्त किए जाएंगे। सीईओ जिला पंचायत ने उपस्थित राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को नगरीय निकाय एवं पंचायत की एक-एक फोटो युक्त मतदाता सूची भी निशुल्क प्रदान की। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के अशोक प्रजापत, इंडियन नेशनल कांग्रेस के अंकुश भटनागर, आम आदमी पार्टी के संजय मालवीय एवं बहुजन समाजवादी पार्टी के अर्जुन सिंह, इलेक्शन सुपरवाइजर पांडे, मास्टर ट्रेनर रजनीश स्वर्णकार सहित अन्य उपस्थित रहे।

**न्यूज ब्रीफ**

## जिले के 8288 किसानों ने कराया पंजीयन

**खरगोन।** किसान बंधु भावांतर योजना का लाभ लेने के लिए अपना पंजीयन निकटस्थ सहकारी समितियों, ग्राहक सेवा केंद्र, एमपी ऑनलाइन या कियोस्क केंद्र पर 17 अक्टूबर 2025 तक करा सकते हैं। वहीं सोयाबीन विक्रय मंडियों एवं उपमंडियों में 24 अक्टूबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक किया जा सकेगा। जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे नियत समयावधि में अपना पंजीयन अवश्य कराएं, ताकि उन्हें भावांतर योजना के अंतर्गत फसल का उचित मूल्य प्राप्त हो सके। खरगोन जिले में 11 अक्टूबर 2025 तक कुल 8288 किसानों ने पंजीयन कराया है। इसमें महेश्वर तहसील में सबसे अधिक 1917 किसान पंजीकृत हुए हैं। इसके बाद भीकनगांव तहसील में 1080, झिरन्या में 928, खरगोन में 803, बड़वाह में 785, सेंगांव में 685, गोगाँव में 651, कसरावद में 639, भगवानपुरा में 483, सनावद में 224 और खरगोन नगर में 93 किसानों ने पंजीयन कराया है।

## बुराहानपुर में कृषि आधारित उद्यमों का भ्रमण



**खरगोन।** राज्य योजना अंतर्गत गत दिवस तृतीय दिवस के कार्यक्रम के तहत बुरहानपुर जिले में कृषकों द्वारा विभिन्न कृषि आधारित उद्यमों का भ्रमण किया गया। कार्यक्रम के दौरान उद्यमी श्री मेहुल सराफ की ग्राम सुखपुरी स्थित केले के रेशों से निर्मित होने वाले उत्पादों की इकाई का भ्रमण किया गया, जहां किसानों को उत्पादन प्रक्रिया एवं तैयार उत्पादों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इसके बाद कृषकों ने श्री योगेश महाजन की ग्राम न्यायमातपुरा स्थित केला चिप्स उत्पादन इकाई तथा लालचंद साहू की ग्राम पाटोदा स्थित पपीते से पपेन उत्पादन इकाई का भी निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान कृषकों ने इन इकाइयों में निर्मित उत्पादों की गुणवत्ता एवं उत्पादन तकनीक के बारे में जानकारी प्राप्त की।

## वर्चुअल कार्यक्रम का हुआ लाइव प्रसारण



**खरगोन।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल के निर्देश एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश सिंह मार्गदर्शन में मोदी द्वारा प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ एवं कृषि अवसंरचना, पशुपालन, मत्स्यपालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की 1100 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया।

## किशोरप्रेमी का आकशवाणी पर प्रसारण सोमवार को



**खंड़वा।** हरफ़नमौला कलाकार किशोर दा की 38 वीं पुण्यतिथि 13 अक्तूबर को ।पुष्पांजली के तौर पर विशेष कार्यक्रम अंतर्गत किशोर कुमार की याद में संजय पंचोलिया के संस्मरण का प्रसारण आकाशवाणी खंडवा केन्द्र से सोमवार सुबह 7 बजे होगा। इस प्रसारण को एफ एम बैंड 101.2 मेगाहट्र्ज व न्यूज आन एयर ऐप मोबाइल पर भी सुना जा सकेगा।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में ली बैठक

**बड़वानी।** शिक्षक समाज के निर्माता है। आप सभी को अपना दायित्व बेहतर समझने की आवश्यकता है जिससे जिले के शैक्षणिक स्तर में चरणबद्ध तरीके से सुधार किया जा सके।। कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने निर्देशित किया कि शिक्षा जिले की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में शिक्षा के स्तर में गुणात्मक सुधार लाएं और सुनिश्चित करें कि सरकारी योजनाओं का लाभ हर विद्यार्थी तक पहुँचे। उक्त निर्देश कलेक्टर श्रीमती सिंह की अध्यक्षता में जिले में शिक्षा के स्तर में गुणात्मक सुधार लाने के उद्देश्य से आज शनिवार एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बड़वानी में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के दो विकासखंडों- बड़वानी एवं पाटी के समस्त बीईओ ,बीआरसी, प्राचार्य एवं जनशिक्षक उपस्थित रहे। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि शिक्षा जिले की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में शिक्षा के स्तर में गुणात्मक सुधार लाएं और सुनिश्चित करें कि सरकारी योजनाओं का लाभ हर विद्यार्थी तक पहुँचे। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**भिलाला समाज का प्रांतीय सम्मेलन**

# जनजातीय समाज को योजना का लाभ देना हमारी प्राथमिकता : मोहन यादव



**राष्ट्रीय हिन्दी मेल धार।**

धार में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नशा नाश की जड़ है, जो कई पीढ़ियों को बर्बाद कर देता है। समाज की कुरीतियों को खत्म करने का प्रयास एक सामाजिक क्रांति का संकेत है। जनजातीय वर्ग का समग्र कल्याण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सीएम शनिवार को धार के किला मैदान में आयोजित भिलाला समाज के प्रांतीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भिलाला समाज एक साहसी और संस्कारित समाज है, जिसने मां नर्मदा के आशीर्वाद से नशामुक्ति और मृत्युभोज जैसी कुरीतियों को समाप्त करने का संकल्प लिया है। इस मौके पर उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और पीथमपुर थाना (बगदून) के नवनिर्मित भवन का वर्चुअल लोकार्पण भी किया।

जय ओंकार भिलाला समाज द्वारा आयोजित इस प्रांतीय सम्मेलन में 16 जिलों से 15 हजार से अधिक समाजजन पहुंचे। कार्यक्रम में युवक-युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन, रोजगार पंजीयन शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, नशामुक्ति जागरूकता शिविर और कैरियर मार्गदर्शन शिविर भी आयोजित किए गए।

मुख्यमंत्री कार्यक्रम में आदिवासी नर्तक दल के साथ थाली बजाते और तीर-कमान थामे नजर आए। समाज के लोगों ने पारंपरिक अंदाज में उनका स्वागत किया।

सीएम बोले- भगोरिया को राज्यस्तरीय पर्व का दर्जा देकर परंपराओं को सम्मान किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धार जिले की भिलाला समाज की जुझारू महिला नेत्री को केंद्रीय मंत्रिमंडल में स्थान देकर समाज का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अलीराजपुर का नाम बदलकर आलीराजपुर, क्रांतिसूर्य टंट्या मामा विश्वविद्यालय की स्थापना, और महाराजा शंकर शाह व कुंवर रघुनाथ शाह की जयंती के भव्य आयोजन के माध्यम से जनजातीय नायकों को सम्मान दिया है।

सीएम ने कहा जनजातीय समाज का स्वतंत्रता संग्राम में अतुलनीय योगदान रहा है। 'भगोरिया' को राज्य स्तरीय पर्व का दर्जा देकर हमने उनकी परंपराओं को सम्मान दिया है।

सरकार सबको विकास की मुख्यधारा से जोड़ रही - सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य प्रत्येक समाज को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। खेती, पशुपालन, मत्स्य पालन और उद्योग के क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। हम सब भारत माता के लाल हैं, इसलिए समाज में भेदभाव की कोई जगह नहीं है। हमारी सरकार ने वंचित वर्गों को आरक्षण का लाभ दिया है और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा है।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का मार्ग है : सांसद



**राष्ट्रीय हिन्दी मेल खंडवा।**

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' विकसित राष्ट्र बनाने का मार्ग है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी भारत को आत्मनिर्भर बनाने स्वदेशी को बढ़ावा दे रहे हैं। स्वदेशी एक नारा नहीं, भारतीयों का संकल्प और जीवन पद्धति है। भारत को आत्मनिर्भर बनाने देश की जनता स्वदेशी अपनाकर योगदान दे। 'स्वदेशी' सिर्फ आर्थिक विषय नहीं, यह हमारी संस्कृति और आत्मा का हिस्सा है। यह बात आत्मनिर्भर भारत और जीएसटी पर आयोजित खंडवा विधानसभा सम्मेलन को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कही श्री पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी कहते हैं कि स्वदेशी एक ऐसा अभियान है जो देश के भविष्य को मजबूत करता है और इसका नेतृत्व समाज, विशेषकर युवाओं को करना चाहिए। देश के युवा स्वदेशी, स्वभाषा और स्वभूषा को बढ़ावा देकर देश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सहभागिता करें। श्री पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने जीएसटी के दरों में कमी करके आम जन को काफी राहत दी हैं। सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर ने कहा कि देश की आजादी के बाद की सरकारों ने पश्चिमी मॉडल को अपनाया और स्वदेशी को प्रोत्साहन नहीं दिया। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनने के बाद स्वदेशी को बढ़ावा दिया गया। वर्ष 2014 से पहले हमारी सेनाओं को बुलेट प्रूफ जैकेट तक विदेशों से मंगाई जाती थी। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत वर्तमान में प्रति वर्ष 2 लाख करोड़ के मोबाइल निर्यात कर रहा है। मोबाइल निर्माण में भारत विश्व में दूसरे नंबर एवं एवं रक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां भारत ने हासिल की हैं। जीएसटी की कटौती के मूल में भी आत्मनिर्भर भारत का निर्माण है।

# दीपावली पर्व पर खाद्य प्रतिष्ठानों का किया औचक निरीक्षण

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल खरगोन।**



कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल के निर्देशानुसार दीपावली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा छापामार कार्यवाही करते हुए विभिन्न प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 14 प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री एचएल आवस्या ने बताया कि निरीक्षण के दौरान जय जमुना ट्रेडर्स जवाहर मार्ग खरगोन से बेसन एवं मैदा, स्वदेशी ट्रेडर्स जवाहर मार्ग से गुलाब जामुन पैक्ड, काजू एवं किसमीस, सावंत ट्रेडर्स रिलायंस पेट्रोल पंप के पास से कुकिंग मिडियम, भिलट देव बस स्टैंड सेगांव से मावा कतली, मावा बर्फी एवं मिल्क केक, सांवरिया एवरफ्रेश बस स्टैंड सेंगाव से मावा एवं कटलस मिठाई, शुभम रेस्टोरेंट बस स्टैंड सेगांव से मिल्क केक, पेड़ा एवं कटलस बर्फी, संत सिंगाजी रेस्टोरेंट पिपलगोन से मावा बर्फी, मनीष राठौर किराना मेहतवाड़ा तहसील महेश्वर से नमकीन सेव, पाटीदार किराना एवं नमकीन मिठाई बबलाई तहसील महेश्वर से मावा मिठाई, सांवरिया स्वीट्स नान्द्रा तहसील महेश्वर से मावा एवं मिल्क केक, न्यू प्रियल रेस्टोरेंट पिपलिया बुजुर्ग तहसील महेश्वर से मावा कतली एवं पनीर, मुक्तियारा दूध भंडार इंदौर रोड बड़वाह से मावा एवं दूध, जाट रेस्टोरेंट काटकूट से मावा बर्फी तथा मां नर्मदा रेस्टोरेंट काटकूट से मावा बर्फी के नमूने संग्रहित किए गए हैं। संग्रहित सभी नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल को भेजे गए हैं। जांच उपरांत संबंधित विक्रेताओं एवं निर्माताओं के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तथा नियम 2011 के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। जिले में आगामी समय में खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर विधिवत कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## संयुक्त दल द्वारा झाबुआ में प्रकरण दर्ज

**झाबुआ।** दीपावली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा प्रशासन एवं नापतोल विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जिले के विभिन्न स्थान पर औचक निरीक्षण कर लगातार कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशन में अपर कलेक्टर चंदरसिंह सोलंकी द्वारा आगामी त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए जिले के किराना दुकानों एवं मिठाई विक्रेताओं के द्वारा बेची जाने वाली खाद्य सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन एवं नापतोल विभाग का संयुक्त दल गठित किया गया है। जिसमें खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं नापतोल निरीक्षक द्वारा 10 अक्टूबर को झाबुआ नगर के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर त्योहारों में उपयोग आने वाली खाद्य सामग्री जैसे बेसन, सूजी, मैदा, फरीयाली आटा, फ्रायम्स, चावल आदि खाद्य पदार्थों के कुल 6 नमूने जाँच में लिए गए है।

**अवयस्क बच्चे वाहन नहीं चलाएं**

# दुर्घटना होने पर पिता को हो सकता है बड़ा आर्थिक नुकसान

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल खरगोन।**




स्कूली बालक जब तक 18 वर्ष की उम्र पूरी नहीं कर लेते, तब तक उन्हें वाहन नहीं चलाना चाहिए। बिना लाइसेंस वाहन चलाने वाले व्यक्ति का पुलिस चालान बना सकती है। यदि 18 वर्ष से कम उम्र का कोई बालक मोटरसाइकिल या बड़ा वाहन चलाता है और उससे कोई दुर्घटना हो जाती है, तो ऐसे मामले में दुर्घटना में घायल व्यक्ति के इलाज का खर्च वाहन मालिक को देना होगा।

दुर्घटना में यदि किसी की मृत्यु हो जाती है, तब वाहन मालिक को बड़ा नुकसान हो सकता है, क्योंकि बिना लाइसेंस वाहन चलाने वाले प्रकरण में बीमा कंपनी मुआवजा नहीं देती है और पूरा मुआवजा वाहन मालिक को देना पड़ सकता है। इसलिए बिना लाइसेंस और बिना बीमा के कोई वाहन नहीं चलाएं।

यह कानूनी जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडलेश्वर द्वारा महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडलेश्वर, एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय मंडलेश्वर और शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय मंडलेश्वर में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी चंद्रेश मंडलोई ने दी। दौरान लड़कियों को गुड टच-बैड टच, पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह अधिनियम एवं सायबर एक्ट की जानकारी दी। इस अवसर पर प्राचार्य जे.के. सोनी, प्रधान पाठक दिलीप खेडेकर, प्रधान पाठिका अनिता मानवे, शिक्षक अजीत सिंह चौहान, जुगल किशोर पाटीदार, सुधीर गोखले, राजेन्द्र ठाकुर, राजेंद्र कलमे, कैलाश गंगारेकर, नगीना जैन सहित स्टाफऔर विद्यार्थी उपस्थित रहे।

जिला विधिक सहायता अधिकारी मंडलोई ने मंडलेश्वर नगर के वार्ड क्रमांक 14 आदिवासी बस्ती भील मोहल्ला और वार्ड क्रमांक 11 दलित बस्ती जगजीवन मार्ग पर श्रमिकों को विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से सरकार की मानरेगा योजना, प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना एवं विभिन्न पेंशन योजनाओं की जानकारी दी।

# कार्यवाही को लेकर कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल खंडवा।**



माननीय राजेंद्र पाल गौतम राष्ट्रीय अध्यक्ष अजा विभाग कांग्रेस (पूर्व मंत्री)दिल्ली सरकार के आदेश अनुसार व माननीय प्रदीप अहिरवार जी (प्रदेश अध्यक्ष)अजा विभाग कांग्रेस पूर्व अजा आयोग सदस्य राज्यमंत्री दर्जा के दिशा निर्देश पर एक ज्ञापन उस शर्मनाक घटना के संदर्भ में है जो भारत के सर्वोच्च न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट ऑफइंडिया) के प्रांगण में घटी, जहाँ एक अधिवक्ता ने भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री बी.आर. गवई जो स्वतंत्र भारत के दूसरे दलित और पहले बौद्ध मुख्य न्यायाधीश हैं- पर जूता फेंकने जैसा घृणित कार्य किया ।यह कृत्य मात्र किसी व्यक्ति का अपमान नहीं है, बल्कि यह देश के सर्वोच्च न्यायिक पद की संवैधानिक गरिमा पर सीधा आधात है और पूरे अनुसूचित जाति समुदाय के मान-सम्मान का अपमान है। यह घटना आज भी समाज में व्याप्त जातिगत घृणा, पूर्वाग्रह और असमानता की मानसिकता को उजागर करती है, जो हमारे संविधान में निहित समानता और न्याय के सिद्धांतों को चुनौती देती है।

# निगम ने जलकर एवं संपत्तिकर बकाया वसूली की

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल खंडवा।**



नगर निगम खंडवा के राजस्व विभाग द्वारा शनिवार को खानशाहवली वार्ड क्षेत्र में बकाया करदाताओं के विरुद्ध वसूली कार्यवाही की गई।

इस दौरान संपत्तिकर एवं जलकर के बकायादारों से राशि वसूल की गई तथा कर जमा नहीं करने वाले दो बकायादारों के नल संयोजन विच्छेद किए गए। साथ ही क्षेत्र में पाए गए 5 अवैध नल संयोजनों को भी तत्काल प्रभाव से विच्छेदित किया गया। कुल मिलाकर आज 7 नल विच्छेदन की कार्यवाही की गई। नगर निगम द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने संपत्तिकर, जलकर, दुकान किराया एवं अन्य देय राशि शीघ्रता से नगद संग्रह केंद्र या अपने संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षक के माध्यम से जमा करें, ताकि किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्यवाही से बचा जा सके।

**पोक्सो एक्ट में आपकी पूरी सुरक्षा का ध्यान रखा जाता**

# बड़वाह तहसील के विद्यालयों में आयोजित हुए विधिक साक्षरता शिविर

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल खरगोन।**





मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश पर 11 अक्टूबर को बड़वाह तहसील की विभिन्न स्कूलों में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। विधिक साक्षरता शिविर के दौरान इस न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडलेश्वर सुश्री प्रीति जैन ने शासकीय प्राथमिक विद्यालय लोंदी बी, शासकीय प्राथमिक] माध्यमिक विद्यालय लखनपुर, शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालय जगतपुरा, शासकीय माध्यमिक, प्राथमिक विद्यालय बरझर एवं शासकीय माध्यमिक विद्यालय सोरठ बारूल में अलग-अलग विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किए।कार्यक्रम के दौरान न्यायाधीश सुश्री जैन ने छात्र-छात्राओं को पोक्सो एक्ट अधिनियम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यदि आपके साथ किसी प्रकार की गलत हरकत होती है तो डरें नहीं, बल्कि आवाज उठाएं। पोक्सो एक्ट में आपकी पूरी सुरक्षा का ध्यान रखा जाता है। उन्होंने बालिकाओं को गुड टच और बैड टच के बारे में समझाते हुए कहा कि यदि आपके शरीर के किसी भी अंग को कोई अनजान व्यक्ति या पारिवारिक सदस्य अनुचित रूप से स्पर्श करता है, तो तुरंत चिल्लाएं और चुप न रहें।

न्यायाधीश सुश्री जैन ने बताया कि यदि बलात्कार जैसी घटना होती है तो सरकार द्वारा पीड़ित को 02 लाख रुपए की सहायता दी जाती है और उसका नाम गोपनीय रखा जाता है। यदि कोई व्यक्ति पीड़िता का नाम उजागर करता है तो उसे सजा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बच्चों को मोबाइल के दुष्परिणाम भी बताए। अत्यधिक मोबाइल उपयोग से मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। मोबाइल का उपयोग सावधानीपूर्वक करना चाहिए। किसी व्यक्ति को गलत संदेश या फोटो भेजना साइबर अपराध है। यदि कुछ गलत घटित हो तो माता-पिता को तुरंत बताएं, क्योंकि जितना सहेंगे, उतना ही गलत करने वाला व्यक्ति आगे बढ़ेगा।

न्यायाधीश सुश्री जैन ने अनुशासन के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन अत्यंत आवश्यक है और अनुशासन से ही उज्ज्वल भविष्य का निर्माण संभव है। इस अवसर पर बीईओ रेवाराम वर्मा, पैरालीगल वालंटियर कु. अंजली कर्मा, विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकगण, अन्य स्टाफ एवं पैरालीगल वालंटियर अंजली कर्मा उपस्थित थे।

# किसानों को मिलेगा फसलों के नुकसान का मुआवजा

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल खंडवा।**



पंधाना क्षेत्र के किसानों की फसलों को बारिश की खेंच, अतिवृष्टि और पीला मोजेक जैसी प्राकृतिक आपदाओं से भारी नुकसान पहुंचा है। इसी मुद्दे को लेकर पंधाना विधायक श्रीमती छाया गोविंद मोरे ने खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता से दूरभाष पर चर्चा की। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि विधायक ने कलेक्टर से सम्पूर्ण क्षेत्र का सर्वे कराकर प्रभावित किसानों के लिए मुआवजा प्रकरण तैयार करने के निर्देश देने की मांग की।

विधायक मोरे ने पूर्व में भी किसान संगठनों की मांग पर मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री को पत्र लिखकर सोयाबीन, मक्का, कपास जैसी फसलों के नुकसान का आंकलन कर किसानों को क्षतिपूर्ति दिलाने की मांग की थी। विधायक मोरे ने कलेक्टर ऋषव गुप्ता से किसान प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात का समय मांगा था, परंतु कलेक्टर के भोपाल प्रवास पर होने के कारण दूरभाष पर ही चर्चा हुई। चर्चा के दौरान विधायक मोरे ने कलेक्टर को अवगत कराया कि कई गांवों में पटवारी चयनित कुछ किसानों का ही सर्वे कर रहे हैं, जबकि बाकी किसानों को नजर अंदाज किया जा रहा है।

# दूसरे दिन भी भारतीय टीम की पकड़ मज़बूत, वेस्टइंडीज से 378 रन आगे

## कुलदीप ने एक तो जडेजा को 3 विकेट

**राष्ट्रीय हिंदी मेल नई दिल्ली।**

**टीम इंडिया ने दिल्ली टेस्ट के दूसरे ही दिन वेस्टइंडीज पर मजबूत पकड़ बना ली है। टीम 378 रन से आगे है। भारत ने टी-ब्रेक से पहले 5 विकेट पर 518 रन बनाकर पहली पारी घोषित की। फिर दिन का खेल खत्म होते-होते कैरेबियाई टीम के 4 बैटर्स को पवेलियन भी भेज दिया। शनिवार को स्टंप्स तक विंडीज का स्कोर 140/4 है। शाई होप 31 और टेविन इमलाक 14 रन पर नाबाद लौटे हैं। भारतीय स्पिनर रवींद्र जडेजा ने कप्तान रोस्टन चेज (शून्य), तेगनारायण चंद्रपॉल (34 रन) और जॉन कैम्पबेल (10 रन) को आउट किया। जबकि कुलदीप यादव ने एलिक एथनाज (41 रन) को पवेलियन भेजा।**

भारत ने 318/4 के स्कोर से पारी को आगे बढ़ाया। दिन के दूसरे ओवर में यशस्वी जायसवाल खुद के गलत कॉल के कारण रनआउट हो गए। वे 175 रन ही बना सके। कप्तान शुभमन गिल 129 रन पर नाबाद लौटे। उन्होंने करियर की 10वीं सेंचुरी जमाई। साई सुदर्शन ने 87, ध्रुव जुरेल ने 44 और नीतीश कुमार रेड्डी ने 43 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए जोमेल वारिकन ने तीन विकेट लिए। एक विकेट कप्तान रोस्टन चेज को मिला।

### शुभमन गिल ने बाबर आजम को पीछे छोड़ा

शनिवार का दिन शुभमन गिल के रिकॉर्ड्स के नाम रहा। उन्होंने टेस्ट औसत और शतक के मामले में पाकिस्तान के बाबर आजम को पछाड़ दिया। वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप में गिल भारत के हाईएस्ट स्कोरर बने। उन्होंने WTC में सेंचुरी के मामले में पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को पीछे छोड़ा।



भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने टेस्ट क्रिकेट के आंकड़ों में पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम को पीछे छोड़ दिया है। गिल अब औसत और शतकों की संख्या के मामले में बाबर से आगे निकल गए। शुभमन ने अब तक 39 टेस्ट में 43.47 की औसत से 2826 रन बनाए हैं, जिसमें 10 शतक शामिल हैं। वहीं, बाबर आजम ने 59 टेस्ट में 42.77 की औसत से 4235 रन बनाए हैं, लेकिन उनके खाते में 9 शतक ही हैं। गिल ने बाबर से 20 मैच कम खेलकर भी उनसे ज्यादा शतक लगा दिए और उनका बल्लेबाजी औसत भी बेहतर है। गिल का बेस्ट स्कोर 269 रन है, जबकि बाबर का 196 रन है। हालांकि, बाबर ने गिल से कहीं ज्यादा 29 अर्धशतक बनाए हैं। गिल 8 फिफ्टी ही लगा सके।



## भारतीय ए पुरुष हॉकी टीम का नेतृत्व करेंगे संजय

**राष्ट्रीय हिंदी मेल नई दिल्ली।**

चीन दौरे के लिए भारतीय ए पुरुष हॉकी टीम में ओलंपिक कांस्य पदक विजेता वरुण कुमार और संजय को जगह दी गई है। ये दोनों खिलाड़ी 12 अक्तूबर से होने वाले इस दौरे के दौरान 20 सदस्यीय भारत ए टीम का नेतृत्व करेंगे। दोनों टीमों के बीच मुकाबले जियांग्सू प्रांत के चांगझौ शहर में खेले जाएंगे। टीम की कप्तानी पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता संजय करेंगे, जो डिफेंडर होने के साथ-साथ ड्रैग फ्लिकर भी हैं। संजय के अलावा, टीम में शामिल एक और बड़ा नाम टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता वरुण का है। वरुण भी ड्रैग फ्लिकर और डिफेंडर है। ये मैच गांसु क्लब के खिलाफ खेले जाएंगे। यह हॉकी इंडिया की विकासशील टीम को अनुभव प्रदान करने की योजना का हिस्सा है। चीन दौरे के बारे में भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, यह 2026 में बहुत व्यस्त वर्ष से पहले भारत ए टीम के खिलाड़ियों को मैच अनुभव प्रदान करके वरिष्ठ पुरुष टीम के लिए प्रतिभा पूल का विस्तार करने की हमारी योजना का हिस्सा है। हम चीन में अच्छा अनुभव हासिल करने के लिए उत्सुक हैं। यह टीम पिछले कुछ सप्ताह से एक साथ अभ्यास कर रही है और एक इकाई के रूप में अच्छी तरह से तालमेल बिठा रही है। वे अब कुछ मैच अनुभव हासिल करने के लिए उत्सुक हैं।

## भारत की एशिया कप ट्रॉफी एसीसी चीफ की कस्टडी में

कहा- मेरी इजाजत बिना न दें

**राष्ट्रीय हिंदी मेल नई दिल्ली।**

एशियन क्रिकेट काउंसिल के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने अपने स्टाफ को निर्देश दिया है कि उनकी मंजूरी और मौजूदगी के बिना एशिया कप ट्रॉफी न तो ऑफिस से हटाई जाए और न ही किसी को सौंपी जाए। नकवी के एक करीबी सूत्र ने PTI को बताया, आज तक ट्रॉफी दुबई के ACC ऑफिस में ही रखी है। नकवी अब भी इस स्टैंड पर कायम हैं कि भारत को यह ट्रॉफी उनसे ही लेनी होगी। भारत ने 28 सितंबर को खेले गए फाइनल में पाकिस्तान को हराकर एशिया कप का खिताब जीता था।

## विश्वनाथन आनंद को गैरी से करना पड़ा हार का समाना

**राष्ट्रीय हिंदी मेल नई दिल्ली।**



गैरी कास्पारोव ने भारत के दिग्गज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को क्लच शतरंज लीजेंड्स मैच में हराया। कास्पारोव ने दो गेम शेष रहते ही 13-11 से जीत दर्ज की।

इस तरह कास्पारोव ने 30 साल पुराना इतिहास फिर दोहराया। 10 अक्तूबर 1995 का दिन था जब आनंद ने न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 107वीं मंजिल पर कास्पारोव के खिलाफ 20 गेम वाले क्लासिकल विश्व चैंपियनशिप मैच में 18वें गेम में ड्रॉ खेला और 7.5-10.5 से हार गए। वर्तमान टूर्नामेंट में नियमों के अनुसार अंतिम दो बाजियां ब्लिट्ज़ टाइम कंट्रोल के तहत खेली गईं और आनंद ने दो जीत हासिल कीं, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और रूस के खिलाड़ी ने पहले ही अपनी जीत पक्की कर दी थी। आखिर में स्कोर 13-11 से कास्पारोव के पक्ष में रहा।



## महिला क्रिकेट फैन ने खुलेआम किया टेस्ट कप्तान के लिए प्यार का इजहार

**राष्ट्रीय हिंदी मेल नई दिल्ली।**

**भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रहे दूसरे टेस्ट मैच के दौरान मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। मैदान पर उनका प्रदर्शन प्रशंसकों का दिल जीत रहा है तो वहीं मैदान के बाहर का एक हल्का-फुल्का पल भी जमकर वायरल हो रहा है।**

दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी के दौरान जब शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल बल्लेबाजी कर रहे थे उस दौरान स्टेडियम में मौजूद एक महिला ने सबका ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया। वो महिला फैन एक तख्ती पकड़े हुई नजर आईं जिस पर लिखा था I Love You Shubman.




टीवी स्क्रीन पर ये महिला जैसे ही सबको नजर आईं मैदान पर मौजूद भीड़ ने जमकर तालियां बजाईं और ब्रॉडकास्टर ने इस हल्के-फुल्के पल को तुरंत हाईलाइट कर दिया जिससे उस महिला की तस्वीर तुरंत वायरल हो गई। कुछ ही मिनटों में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्रेंडिंग हैशटैग #ILoveYouShubman के तहत पोस्ट, मीम्स और प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई। इस छोटी सी घटना ने भारत और वेस्टइंडीज के बीच चल रहे दूसरे टेस्ट मैच को और रोमांचक बना दिया। यही नहीं इससे ये भी जाहिर हो गया कि शुभमन गिल अब किस कदर और पॉपुलर होते जा रहे हैं और फैंस के बीच पसंदीदा बन गए हैं।

## सिमरन शर्मा से विश्व पैरा-एथलेटिक्स का स्वर्ण पदक छीनने का खतरा

**राष्ट्रीय हिंदी मेल नई दिल्ली।**

विश्व पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप की स्वर्ण विजेता धावक सिमरन शर्मा को अपने पदक गंवाने पड़ सकते हैं क्योंकि उनके गाइड उमर सैफी को डोप टेस्ट में विफल होने के कारण राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (NADA) ने अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया है। सैफी सात महीने से अधिक समय से दृष्टिबाधित सिमरन के गाइड हैं। उनके नमूने में ड्रोस्टैनोलोन पाया गया है। यह प्रतिबंधित एनाबोलिक स्टेरॉयड है, जो मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाने में मदद करता है। सिमरन ने सात सितंबर को दिल्ली स्टेट ओपन में 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था, जहां संभवत: यह डोप टेस्ट किया गया था। सैफी का नाम शुक्रवार को नाडा द्वारा जारी अस्थायी रूप से निलंबित खिलाड़ियों की सूची में शामिल है।

# हार्दिक पांड्या ने कंफर्म किया माहिका के साथ रिश्ता

**राष्ट्रीय हिंदी मेल नई दिल्ली।**

**भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या को हाल ही में मॉडल-एक्ट्रेस माहिका शर्मा के साथ एयरपोर्ट पर देखा गया था, जिसके बाद से चर्चा चलने लगीं कि एक्ट्रेस हार्दिक की गर्लफ्रेंड हैं। दोनों का वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा था। अब क्रिकेटर ने माहिका संग कुछ तस्वीरें शेयर कर अपने रिलेशनशिप को लेकर पुष्टि करते नजर आ रहे हैं।**

क्रिकेटर हार्दिक पांड्या ने अपने जन्मदिन से मात्र कुछ घंटे पहले इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। एक स्टोरी में क्रिकेटर ने काले रंग की शर्ट और शॉर्ट्स पहने हुए हैं, जबकि माहिका शर्मा सफेद शर्ट में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। इस पोस्ट में दोनों को समुद्र किनारे छुट्टियां मनाते हुए देखा जा सकता है, जिसमें क्रिकेटर उनके गले में हाथ डाले दिख रहे हैं। इसके अलावा एक अन्य तस्वीर में हार्दिक ने ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर साझा की, जिसमें वे साथ में पोज देते नजर आ रहे हैं और दोनों शानदार अंदाज में दिख रहे हैं। इतना ही नहीं इसमें दोनों एक-दूसरे के हाथों में हाथ डाले दिख रहे हैं। ये तस्वीरें फैंस के मन में आए कई सवालों का जवाब देती दिख रही हैं। इसलिए नेटिजंस इसे रिश्ते की आधिकारिक घोषणा मान रहे हैं। आज शनिवार को क्रिकेटर हार्दिक पांड्या का जन्मदिन है। इस मौके पर माहिका शर्मा ने क्रिकेटर की प्यारी तस्वीर शेयर करते हुए उन्हें बर्थडे विश किया है।

**मालदीव्स वेकेशन से शेयर कीं ऐसी तस्वीरें**


### वायरल वीडियो के बाद बढ़ी थी हलचल

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा गया कि हार्दिक पांड्या, मॉडल और एक्ट्रेस माहिका शर्मा के साथ नजर आ रहे थे। इसमें अपनी गाड़ी से उतर कर हार्दिक पांड्या माहिका शर्मा का इंतजार करते हुए दिखे। फिर माहिका गाड़ी से उतर कर हार्दिक के साथ हो लेती हैं। इसके बाद दोनों साथ में एयरपोर्ट के अंदर चले गए। इसी वीडियो ने दोनों के रिश्ते को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए।



## व्यापार

# सोना-चांदी में भारी उतार-चढ़ाव



**इंदौर।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना व चांदी में भारी उतार-चढ़ाव के हालात बने हुए है। कॉमेक्स पर सोना 4000 डॉलर प्रति औंस व चांदी 5100 सेंट पर है, जिसका असर घरेलू बाजार में भी है। सोने के भावों में लगभग 1300 रुपए की कमी आई है, जबकि चांदी में 2500 रुपए की तेजी है।

इंदौर सराफा-सोना केडबरी रवा नकद 125000, आरटीजीएस 124800 रुपए, सोना 22 कैरेट (जीएसटी सहित) 114000 रुपए प्रति दस ग्राम, चांदी नकद 164000, आरटीजीएस 163000 और टंच 164000 रुपए प्रति किलो। चांदी का सिक्का 1850 रुपए प्रति नग।


## टॉप-10 कंपनियों में 8 की वैल्यू 1.94 लाख करोड़ बढ़ी

**राष्ट्रीय हिंदी मेल नई दिल्ली।**

मार्केट कैपिटलाइजेशन के लिहाज से देश की 10 सबसे बड़ी कंपनियों में से 8 की वैल्यू इस हफ्ते के कारोबार में 1,94,149 करोड़ रुपए बढ़ गई। इस दौरान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) टॉप गेनर रही। कंपनी की वैल्यू 45,678 करोड़ बढ़कर 10.96 लाख करोड़ हो गई है। वहीं, बिकवाली के चलते हिन्दुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड 3,571 रुपए कम होकर 5.94 लाख करोड़ पर और लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (LIC) का मार्केट कैप इस दौरान 4,649 करोड़ रुपए गिरकर 5.68 लाख करोड़ रुपए पर आ गया है। शेयर बाजार में कल यानी शुक्रवार 10 अक्टूबर को तेजी रही। सेंसेक्स 328 अंक चढ़कर 82,501 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 103 अंक की तेजी रही, ये 25,285 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 में तेजी और 8 में गिरावट रही। PSU बैंक, रियल्टी और फार्मा सेक्टर के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी देखने को मिली। वहीं हफ्तेभर के कारोबार में सेंसेक्स 1,294 अंक चढ़कर बंद हुआ।




# मूंगदाल और मोगर में सुधार



**इंदौर। दलहनों में कामकाज सुस्त है। दालों में अपेक्षित उठाव नहीं होने से मिलों की खरीदी कमजोर चल रही है। चने में 100 रुपए की घटबढ़ के बीच मंदी का माहौल जारी है, उड़द, तुवर के भावों में भी दबाव है। मसूर स्थिर है। मिलों ने मूंगदाल और मूंग मोगर के भाव 100-100 रुपए बढ़ाकर बोले, लेकिन लेवाली कमजोर है।**

दलहन-चना कांटा 5900 डंकी चना 5200-5500 विशाल 5650-5750, काबुली चना 9000-9400, काबुली चना रशियन 5800-6000, बिटकी 5300-5600, मसूर 6000, तुवर महाराष्ट्र सफेद 6600, महाराष्ट्र लाल 6700-6800, कर्नाटक 6800-6900 तुवर निमाड़ी 6000-6600 मूंग बेस्ट नया 8100-8300, एवरेज 6500-6700, मोगर 5500-6500, उड़द नया गर्मी 7000-7500, उड़द बोल्ड 7000-7500, एवरेज 6200-6500, हल्का 3000-5000 रुपये क्विंटल।

दालें-चना दाल 7400-7500 मीडियम 7600-7700 बेस्ट 7900-8100 मसूर दाल 7700-7800 बेस्ट 7900-8000 मूंग दाल 9300-9400 बेस्ट 9700-9900 मोगर 9400-9500 बेस्ट 9800-10000 तुवर दाल 7300-7500 मीडियम 8500-8700 बेस्ट 9200-9300 ए. बेस्ट 10100-10200,



ब्रांडेड तुवर दाल नई 10800 उड़द दाल 8700-8800 बेस्ट 8900-9100 उड़द मोगर 9700-9800 बेस्ट 10000-10100 रुपये प्रति क्विंटल।

गेहूं-गेहूं मिल क्वालिटी 2650-2675, मालवराज 2650-2750, पूर्णा 2800-2850, लोकवन 2850-2900 और मक्का 2275-2300 रुपये क्विंटल। आटा 1500-1520, मैदा 1580-1600, रवा 1620-1640 व चना बेसन 3800-3850 रुपये प्रति कट्टा।

चावल-बासमती (921) 12000-13000, तिबार 10500-11500, बासमती दुबार पोनिया 9500-10000, मिनी दुबार 8000-8500, मोगरा 5000-7500, बासमती सेला 7000-9500, कालीमूंछ डिनर किंग 8500, राजभोग 7000, दुबराज 4500-5500, परमल 3500-3800, हंसा सेला 3600-3800, हंसा सफेद 3000-3200, पोहा 4800-5500 रुपए क्विंटल रहे।



## तेल-तिलहन भाव-

**इंदौर।** खाद्य तेल-मूंगफली तेल इंदौर 1350-1355, मुंबई 1380, इंदौर सोया रिफाइंड 1255-1260 सोया साल्वेंट 1190-1195 इंदौर पाम 1380, मुंबई सोया रिफाइंड 1290, मुंबई पाम 1315 राजकोट तेलिया 2100-2110, गुजरात लूज 1350, कपास्या तेल इंदौर 1260 रुपए प्रति दस किलो। तिलहन-सरसो निमाड़ी(बारीक) 7100-7200, रायडा 6500-6600, सोयाबीन 4200-43000 , नया 3700-4000 रु. प्रति क्विंटल। कपास्या खली- (60 किलो भरती) इंदौर 2550, देवास 2550, उज्जैन 2550, खंडवा 2525, बुरहानपुर 2525, अकोला 3800 रुपए।

# डी-मार्ट को दूसरी-तिमाही में 746 करोड़ का मुनाफा

**राष्ट्रीय हिंदी मेल नई दिल्ली।**

रिटेल चेन डी-मार्ट को ऑपरेट करने वाली कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड को वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में 746 करोड़ रुपए का मुनाफा (कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट) हुआ है। सालाना आधार पर यह 5.07त्न बढ़ा है। पिछले साल की समान तिमाही में भी कंपनी को 710 करोड़ का ही मुनाफा हुआ था। जुलाई-सितंबर तिमाही में डी-मार्ट ने ऑपरेशन से 16,219 करोड़ का रेवेन्यू जनरेट किया, सालाना आधार पर यह 15.43त्न बढ़ा है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 14,050 करोड़ रहा था। वस्तुओं और सेवाओं के बेचने से मिलने वाला पैसा रेवेन्यू या राजस्व होता है।




**रेवेन्यू 15 बढ़कर 16,219 करोड़; 2025 में अब तक कंपनी का शेयर 21% चढ़ा**

### कंपनी का शेयर इस साल अब तक 21% चढ़ा

नतीजे जारी करने से पहले शुक्रवार 10 अक्तूबर को एवेन्यू सुपरमार्ट (डी-मार्ट) का शेयर 0.53त्न बढ़कर 4,328 के स्तर पर बंद हुआ। कंपनी का शेयर एक साल में 5त्न गिरा है। हालांकि, बीते 6 महीने में यह 5त्न और इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 21त्न चढ़ा है।

### सुपरमार्केट चेन डी-मार्ट के फाउंडर हैं दमानी

सुपरमार्केट चेन डी-मार्ट के फाउंडर राधाकिशन दमानी हैं। उन्होंने डी-मार्ट की शुरुआत 2002 में मुंबई के पवई इलाके से की थी। यहां उन्होंने डी-मार्ट का पहला स्टोर ओपन किया था। 1999 में दमानी ने नई मुंबई के नेरुल में %अपना बाजार% की एक फ्रेंचाइजी की शुरुआत की थी, पर उन्हें यह मॉडल जमा नहीं था।

### डी-मार्ट ने 2017 में शेयर बाजार में डेब्यू किया था

डी-मार्ट सुपरमार्केट चेन को एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड (स्रु) ऑपरेट करती है। एवेन्यू सुपरमार्ट्स के ष्टश्वह्र नेविल नोरोन्हा हैं। 68 साल के राधाकिशन दमानी की कंपनी डी-मार्ट ने 2017 में शेयर बाजार में डेब्यू किया था। डी-मार्ट 21 मार्च 2017 को शेयर बाजार में लिस्ट हुई थी, उस दिन कंपनी मार्केट कैप 39,988 करोड़ रुपए था। अब कंपनी का मार्केट कैप 2.81 लाख करोड़ रुपए है।

# न्याय पाना हर नागरिक का मौलिक अधिकार - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## न्याय के हर पक्ष पर मंथन करने की हमारी हजारों-लाखों वर्ष पुरानी परंपरा

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल इंदौर।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि न्याय पाना देश के हर नागरिक का मौलिक, बुनियादी, मानवीय और संवैधानिक अधिकार है। भारत की संघीय शासन व्यवस्था का आधार न्याय, जीवन, भोजन और स्वास्थ्य के अधिकारों की समान रूप से रक्षा करना है। लोक कल्याणकारी राज्य का पहला दायित्व है कि देश का कोई भी नागरिक न्याय पाने से वंचित न रहे। न्याय और सुशासन न केवल राष्ट्र और समाज को सुदृढ़ बनाते हैं, बल्कि शासन की जवाबदेही सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश में न्याय के हर पक्ष पर मंथन करने की हजारों-लाखों वर्ष पुरानी परंपरा है। यहां कितने भी जटिल विषय क्यों न रहे हो, उन पर विद्वानों के साथ बैठकर शास्त्रार्थ कर समाधानों पर मंथन करते रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज इंदौर में न्यायधीशों, विधि वेत्ताओं, वैश्विक विशेषज्ञों और विधि विद्यार्थियों की अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शनिवार को इंदौर में आयोजित "इवोल्विंग होराइजन्स- नेविगेटिंग कॉम्प्लेक्सिटी एंड इनोवेशन इन कमर्शियल एंड आर्बिट्रेशन लॉ इन द डिजिटल वर्ल्ड" विषय पर आयोजित विधि विशेषज्ञों की अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज का नया दौर न्याय का पथ गौरवान्वित करने वाला है। उच्चतम न्यायालय के कई निर्णयों ने देश को नई दिशा दी है। युग बदले, दौर बदले, परंतु न्याय की आत्मा हमेशा वही रहेगी। समानता, पारदर्शिता,विनम्रता और सबको समय पर न्याय दिलाना ही न्यायपालिका की मूल आत्मा रही है और आगे भी रहेगी। मुख्यमंत्री




डॉ. यादव ने इस संगोष्ठी के लिए इंदौर पधारे उच्चतम न्यायालय के सभी न्यायमूर्तियों और देश एवं विदेश से आए विधि विशेषज्ञों का आभार जताते हुए कहा कि देश के सबसे स्वच्छ शहर में न्याय प्रणाली के मंथन पर ऐसी विद्वत सभाओं का आयोजन हमें नई उम्मीद देता है साथ ही और बेहतर करने की प्रेरणा भी देता है। दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन उद्बोधन में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति श्री जितेन्द्र कुमार महेश्वरी ने कहा कि न्यायपालिका का उद्देश्य कानून का पुनर्निर्माण नहीं, बल्कि निष्पक्षता की सीमाओं का विस्तार करना है, जिससे स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहन मिले। उन्होंने कहा कि आधुनिक अर्थव्यवस्था में डेटा पर नियंत्रण, किसी कंपनी या संस्था के स्वामित्व से भी अधिक महत्त्वपूर्ण हो गया है। इसलिये पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करते हुए आर्थिक प्रगति को बाधित नहीं किया जाना चाहिए। वहीं सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अहसनुद्दीन अमानुल्लाह ने कहा कि विधिक व्यवसाय तकनीकी प्रगति से अछूता नहीं रह सकता। आज जब तकनीक आधारित और स्वचालित अनुबंधों का दौर है, तब न्यायपालिका की यह जिम्मेदारी है कि न्याय, तकनीकी विकास की रफ्तार के बीच कहीं कमजोर न पड़े और न्याय प्रणाली भी उसी गति से विकसित होती रहे। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति श्री राजेश बिंदल ने कहा कि जैसे-जैसे व्यवसाय बढ़ता है, विवाद भी बढ़ते हैं और इनका समाधान न्यायपालिका के भीतर ही निहित है। भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, इसलिए अब समय आ गया है कि हम अपनी सोच में परिवर्तन लाएं और सभी हितधारकों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान करें।



**इंदौर।** इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं विधायक महेंद्र हडिया एवं रमेश मेंदोला नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा द्वारा विशेष केंद्रीय सहायता अंतर्गत राशि रु 11.65 करोड़ की लागत से वीर सांवरकर प्रतिमा से अटल द्वार तक सड़क का विकास कार्य एवं राशि रु 75 लाख की लागत से न्यू पलासिया रोड 1,2,3,8 के निर्माण कार्य का शुभारंभ भूमि पूजन कर किया गया।

# अरुणाचल प्रदेश में शहीद हुआ सोनकच्छ का लाल



## इंदौर विमानतल पर सोनकच्छ विधायक डॉ राजेश सोनकर ने पुष्पांजलि अर्पित की

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल इंदौर।**

अरुणाचल प्रदेश में सैन्य अभ्यास करते हुए देवास जिले का एक सैनिक मातृभूमि की सेवा में शहीद हो गया। टोंकखुर्द तहसील के संवरसी गांव निवासी नायक संजय मीणा भारतीय सेना में अपनी ड्यूटी निभाते हुए शहीद हुए।

उनका पार्थिव शरीर आज सुबह दिल्ली से विमान द्वारा राजकीय सम्मान के साथ इंदौर लाया गया। यहां सोनकच्छ विधानसभा के डॉ राजेश सोनकर ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। संजय की यूनिट वर्तमान में हरियाणा के अंबाला में पदस्थ थी। कुछ दिन पूर्व वह अपनी यूनिट के साथ अरुणाचल प्रदेश में सैन्य अभ्यास के लिए गए हुए थे। वहां चार दिन पहले एक गश्त के दौरान दुखद हादसा हुआ। कठिन पहाड़ी इलाके में ड्यूटी के दौरान संजय मीणा एक गहराई में दब गए थे। सेना के जवानों ने लगातार तीन दिनों तक अथक प्रयास कर उन्हें बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें अंबाला यूनिट में वापस लाया गया, लेकिन डॉक्टरों के प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। शहीद संजय मीणा का पार्थिव शरीर आज सुबह तक इंदौर लाया गया, जिसके बाद सेना के वाहन से उन्हें गांव संवरसी भेजा गया। विधायक डॉ सोनकर भी पार्थिव शरीर के साथ संवरसी रवाना हुए।

## नागरिकों से मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील

**इंदौर।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हसानी एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ.जी.एस.सोढ़ी के नेतृत्व में उमंग स्वास्थ्य केंद्र के परामर्शदाता श्री यश सोलंकी ने महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव के माध्यम से नागरिकों से मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता हेतु अपील की। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को विभिन्न मानसिक बीमारियों जैसे अवसाद, तनाव आदि तथा अन्य मानसिक परेशानियों के उपचार के लिए जागरूक करते हुए बताया कि मानसिक स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या के समाधान हेतु जिला चिकित्सालय के मनकक्ष एवं उमंग स्वास्थ्य केंद्र (आयु वर्ग 10 से 19 वर्ष) के लिए, टेली-मानस हेल्पलाइन (14416) तथा मनहित ऐप के माध्यम से निःशुल्क मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त की जा सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हमें मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर खुलकर बात करनी चाहिए, ताकि इंदौर को मानसिक स्वच्छता के क्षेत्र में भी नंबर वन बनाया जा सके।

# खाद्य विभाग की बड़ी छापामार कार्रवाई बड़ी मात्रा में गैस सिलेंडर जब्त





**राष्ट्रीय हिन्दी मेल इंदौर।**

कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम ने घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण पर बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में बड़ी मात्रा में अवैध रूप से संग्रहित गैस सिलेंडर जप्त किए गए। जिला आपूर्ति नियंत्रक एम.एल. मारु के मार्गदर्शन में टीम ने रामानंद नगर, वार्ड क्रमांक 05 में दो स्थानों पर छापा मारा। महेश अग्रवाल पिता राधा अग्रवाल (बालाजी इलेक्ट्रिक) के घर से कुल 09 घरेलू गैस सिलेंडर- जिनमें 06 भरे और 03 खाली जब्त किए गए। वहीं, श्रीमती पुष्पा राठौड़ पति मोहन राठौड़ के घर से 12 घरेलू गैस सिलेंडर जिनमें 07 भरे और 05 खाली बरामद किए गए। इस प्रकार कुल 21 सिलेंडर (13 भरे और 8 खाली) जब्त किए गए। यह कार्रवाई आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत की गई है। कार्यवाही में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अंकुर गुप्ता, राहुल शर्मा और एस.एस. गामड़ की टीम शामिल रही। अधिकारियों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह में 50 से अधिक सिलेंडर जब्त किए गए हैं और एक गैस रिफिलिंग केंद्र के खिलाफ अभियोजन की कार्रवाई भी की गई है। संबंधित प्रकरण में एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार अवैध गैस भंडारण और बिक्री पर सख्त कार्रवाई का सिलसिला जारी रहेगा। जन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आगामी दिनों में और भी विशेष अभियान चलाए जाएंगे। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी कॉलोनी या क्षेत्र में अवैध रूप से गैस सिलेंडरों का भंडारण या रिफिलिंग की जा रही हो, तो तुरंत खाद्य विभाग को इसकी सूचना दें।




स्वामी विजय कुमार दास के लिए प्रकाशक, मुद्रक पृथ्विजय कुमार दास के द्वारा मेसर्स डीबी कार्प लिमिटेड के लिए 44-45/ए,59-51/ए सेक्टर एफ इंडस्ट्रियल एरिया सांवेर रोड, इंदौर से मुद्रित, 197 सांईकृपा कॉलोनी, (बाम्बे हॉस्पिटल के समीप), इंदौर से प्रकाशित
संपादक - पृथ्वीजय कुमार दास (मो. 9971085589) *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * प्रधान संपादक विजय कुमार दास (मो. 9617565371) *डिजीटल समूह संपादक राकेश राठौर RNI. No. : MPHIN/2003/13302
समाचार संपादक-अरुण हार्डिया (9424540114), संपादकीय कार्यालय: ईसी-5 स्कीम नम्बर 94, उत्तमभोग के पास, इंदौर (07314678868), सभी प्रकार के विवादों के निपटारे हेतु न्यायालय क्षेत्र इंदौर रहेगा। (rashtriyahindimailindoreoffice@gmail.com )